Ext.M5	06.08.1996	Notification No. 8080/P&A/WR/96-regrouping of scales of pay – revisions procedure for advancement –regulation of pay
Ext.M6	-	Project notification – Recruitment to the post of Junior Operator / SME "Trainee" – Applications invited – to submit on or before 12.12.2005
Ext.M7	27.10.2007	Notification No. Corp/P&A/473/5536/2007 – Notification – Recruitment to the post of Operator-III/Trainee (W2) with copy to Union, Federation and Associations – from willing employees – applications to reach on or before 15.11.2007
Ext.M8	11.02.2008	Procs. No. Corp/P&A/473/5536 of 2007 – Offer of appointment issued to 92 candidates – provisionally selected for appointment to the post of Operator Grade-III / Trainee (W-2 Grade)
Ext.M9	04.09.2010	Settlement under Section 12(3) of the ID Act – arrived between NLC Management and Workmen represented by 4 recognized unions (LPF, PTS, NLC WPU and NLc PTS and attached MoU dated 16.07.2010
Ext.M10	06.06.2014	Minutes of Conciliation Proceedings before ALC (C), Puducherry
Ext.M11	19.06.2014	Conciliation failure report
Ext.M12	-	Career path for EME/CME Operatives (W3) – Sl.No. 36
Ext.M13	-	Career path for EME Operator (6) – Sl.No. 20

Ext.M14	-	Extract of Respondent's Standing Order Clause-7
Ext.M15	-	Extract of – NLC Personnel Manual Vol.I – Appointment and promotion rules for non-executives – relevant pages
Ext.M16	-	Comparative chart of Operators at various designation
Ext.M17	14.11.2007	Letter from NLC Workers Progressive Union in reply to the Notification No. Corp/P&A/473/5536/2007 requesting to extend the last date upto 26.11.2007 for receiving the application
Ext.M18	10.12.2007	Recommendations of the Committee constituted to scrutinize the applications for Operator Grade-III/Trainee with enclosure 1 and 2
Ext.M19	29.06.2001	Settlement u/r Sec.12(3) of 01 to 11 of ID Act between the Respondent and the Representatives if unionized employees of NLC Ltd. before RLC (Central), Chennai.

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर, 2016

का.आ. 2444.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एनएलसी लिमिटेड के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण/श्रम न्यायालय, चैन्नई के पंचाट (संदर्भ सं. 120/2015) को प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को 16.12.2016 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-22011/12/2015-आईआर (सीएम-II)]

राजेन्द्र सिंह, अनुभाग अधिकारी

New Delhi, the 16th December, 2016

S.O. 2444.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award (Ref. No. 120/2015) of the Central Government Industrial Tribunal-cum-Labour Court, Chennai as shown in the Annexure, in the Industrial Dispute between the management of M/s.. Food Corporation of India and their workmen, received by the Central Government on 16.12.2016.

[No. L-22011/12/2015-IR (CM-II)]

RAJENDER SINGH, Section Officer

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL-CUM-LABOUR COURT, CHENNAI

Monday, the 26th September, 2016

Present : K. P. PRASANNA KUMARI, Presiding Officer

Industrial Dispute No. 120/2015

(In the matter of the dispute for adjudication under clause (d) of sub-section (1) and sub-section 2(A) of Section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947(14 of 1947), between the Management of Food Corporation of India and their workman)

BETWEEN :

Ms. K. Dhanalakshmi : 1st Party/Petitioner

AND

The Area Manager : 2nd Party/Respondent
Food Corporation of India
District Office, PO Box No. 2911,
Tatabad Post
Coimbatore -641012

Appearance :

For the 1st Party/Petitioner : M/s.. Balan Haridas, Advocates

For the 2nd Party/Respondent : Sri M. Imthias, Advocate

AWARD

The Central Government, Ministry of Labour & Employment vide its Order No. L-22011/12/2015-IR (CM.II) dated 31.08.2015 referred the following Industrial Dispute to this Tribunal for adjudication.

The schedule mentioned in that order is:

"*Whether the termination of Smt. K. Dhanalakshmi by the Management of Food Corporation of India, Coimbatore is justified or not? If not, to what relief the petitioner is entitled*?"

2. On receipt of the Industrial Dispute this Tribunal numbered it as ID 120/2015 and issued notices to both sides. Both sides entered appearance through their counsel and filed Claim and Counter Statement respectively. The petitioner has filed rejoinder in answer to the Counter Statement.

3. The averments in the Claim Statement filed by the petitioner in brief are these:

The petitioner had joined the Respondent Corporation in the year 2009. She was appointed to do the work of Sweeper which is a regular post in the Respondent. The petitioner was working in Peelamedu Depot of the Respondent against a regular vacancy. Her appointment was due to acute shortage of manpower in the Respondent establishment. The petitioner had continuously worked from 01.10.2009 to 05.04.2013 without any break. She had worked for more than 240 days in one calendar year. She had worked continuously for more than 480 days within a period of 24 calendar months and is to be deemed to be a permanent employee. The petitioner is qualified to be appointed as Sweeper in the service of the Respondent. She had been discharging the work of Sweeper under the direct control and supervision of the Manager of Peelamedu. The service of the petitioner was terminated orally on 06.04.2013. The termination was without complying with Section-25(F) of the Industrial Disputes Act. The same would amount to retrenchment. The termination is *void-abinitio*. After termination of the petitioner the Respondent had engaged others by outsourcing the work. An order may be passed directing the Respondent to reinstate the petitioner in service with full backwages, continuity of service and other attendant benefits.

4. The Respondent has filed Counter Statement contending as below:

It is incorrect to state that the petitioner was appointed by the Respondent as Sweeper in the year 2009 due to acute shortage of manpower and she had worked from 01.10.2009 to 05.04.2013. It is also incorrect to state that she has worked for more than 240 days in one calendar year and 480 days within a period of 24 calendar months. The petitioner was engaged as a Casual Labour on temporary basis for certain emergency purposes. She has not been appointed on any permanent post nor terminated from any permanent post. Regular appointment in the Respondent Corporation is done through recruitment process under FCI Staff Regulation. The petitioner having been employed on casual basis there is no question of any violation under Section-25(F) of the Industrial Disputes Act or any termination from service also. The petitioner is not entitled to any relief.

5. The petitioner has filed rejoinder denying the allegations in the Counter Statement and reiterating the case in the Claim Statement.

6. Evidence in the case consists of oral evidence of WW1 and MW1 and documents marked as Ext.W1 to Ext.W10. No documents were marked on the Respondent's side

7. **The points for consideration are**:

(i) Whether the Respondent is justified in terminating the petitioner from service?

(ii) What, if any is the relief to which the petitioner is entitled?

The Points

8. The petitioner is said to have been working with the Respondent in its Peelamedu Depot as a Sweeper from the year 2009. According to her, she had worked continuously without any break till 05.04.2013 on which date she is said to have been orally terminated from service. According to her, the termination is in violation of Section-25(F) of the Industrial Disputes Act and she is entitled to be reinstated in service. The Respondent has admitted in the Counter Statement that the petitioner was working with it. However, according to the Respondent it was only during exigencies and not continuously as claimed by her.

9. The petitioner has given evidence reiterating her case in the Claim Statement. She has stated during her cross-examination that she was not given any appointment order nor was she given any order of termination. She further admitted that she was engaged only as a casual labour.

10. MW1 the Assistant General Manager of the Respondent at its Regional Office, Chennai has given evidence against the case of the petitioner. He has stated in the Proof Affidavit filed by him that the petitioner was engaged only on casual basis.

11. Ext.W1 to Ext.W10 were marked through the petitioner also to establish her case. Ext.W2 is a communication from the Area Manager to the General Manager stating that there were considerable retirements in the establishment and they were not substituted and because of the shortage of employees they have to resort to hiring of persons for certain works in the establishment. Ext.W3 and Ext.W4 are the copies of file notes in the Respondent establishment which also states that due to shortage of hands persons have to be engaged on casual basis.

12. Ext.W8 and Ext.9 are the only documents produced by the petitioner to show that she had been engaged by the Respondent. Ext.W8 is the copy of the Attendance Register from 10.01.2011 to 07.01.2012. This document shows continuous engagement of the petitioner from 10.01.2011 to 07.01.2012 except for a few days. The document of course does not show for what purpose the petitioner was engaged. The Respondent has denied the claim of the petitioner in the Claim Statement that she was engaged as a Sweeper and has stated that she was engaged only as a casual labour. Ext.W9 is the copy of the Attendance Register for the period from 18.07.2012 to 06.04.2013. During this period also the petitioner seems to have been engaged almost continuously.

13. The case in the petition that the petitioner has been engaged by the Respondent establishment form 01.10.2009 is not proved by the petitioner by producing any positive evidence. The Attendance Registers produced by her shows engagement from 10.01.2011 and till 06.04.2013. Even during this period there is a gap of more than 6 months from 08.01.2012 to 19.07.2012. The petuitioenr has stated during her cross-examination that she had obtained the copies of documents from the Respondent establishment with the permission of the Manager. If she was able to get copies of documents of proof of her engagement for the period from 10.01.2011 there would not have been any difficulty for her in getting such documents for the previous period also if she was actually engaged earlier than the year 2011. The case of the Respondent itself is that the engagement was only during exigencies. So the case of the petitioner that she was engaged even from 01.10.2009 with the Respondent is not established. So also even as seen from the documents produced by her it is more likely that there was a gap in the engagement even in between 10.01.2011 and 06.04.2013, the date of her termination. Thus the period of engagement as seen from the evidence is only about 1.5 years.

14. The case advanced by the petitioner is that she was engaged on a permanent post. However, Exts.W8 and Ext.W9 the Registers produced by her would not show that she was engaged on a permanent post. Merely from the statement in Ext.W2 that persons are to be hired to make up for the shortage caused by retirement, it cannot be assumed that the engagement of the petitioner was on permanent vacancy. Even as admitted by her during her cross-examination she was engaged only as a casual labour. According to MW1 Peelamedu is a very big complex of the Respondent with 22 godowns. There is direct payment system for labourers engaged in the godown for collecting spillage and doing the cleaning. Whenever such work is there they used to take casual labourers Even for Direct Payment System labourers the service regulations are not applicable but are having separate rules. MW1 has stated that the petitioner was stopped from engagement alongwith other casual labourers as there was no work. Thus there is nothing to show that the engagement of the petitioner was on a permanent post. On the other hand the engagement seems to have been to expedite the heavy work that had occurred in the godown.

15. The petitioner, even as admitted by the Respondent was sent out from work without any written order of termination. It is very well established form the Ext.W8 and Ext.W9 that the petitioner was working for some time in the establishment. So she is a workman as contemplated in Section-2(s) of the Industrial Disputes Act.

16. Even as admitted by the Respondent, no notice of termination was given to the petitioner. She was not given any compensation before termination also. Her termination was in violation of Section-25(F) of the Industrial Disputes Act.

17. The petitioner has claimed the relief of reinstatement in her Claim Statement. No doubt, she is entitled to some relief because of her termination without complying with Section-25(F) of the Act. However, the relief need not be by way reinstatement if the facts and circumstances are taken into account. The petitioner had worked in the establishment only for a short period and that also only as a casual worker. According to the Respondent, herself and others were turned out from work as work was not available. In the circumstance compensation will be the proper relief rather than reinstatement. Rs. 75,000/- is fixed as compensation.

18. In view of my discussion above, the Respondent is directed to pay Rs. 75,000/- to the petitioner as compensation within two months of the publication of the Award. In default of payment, the amount will carry interest @ 7.5 per annum.

The reference is answered accordingly.

(Dictated to the P.A., transcribed and typed by him, corrected and pronounced by me in the open court on this day the 26th September, 2016)

K. P. PRASANNA KUMARI, Presiding Officer

Witnesses Examined:

For the 1st Party/Petitioner : WW1, Sri K. Dhanalakshmi

For the 2nd Party/Management : MW1, Sri C. Saravanan

Documents Marked:

On the petitioner's side

Ex.No.	Date	Description
Ext.W1	06.08.2010	Age proof certificate in respect of petitioner
Ext.W2	30.10.2012	The letter of Area Manager to the General Manager
Ext.W3	-	Note File QC6 (9-1)/13
Ext.W4	-	Note File QC6 (9-1)/13/Vol.I
Ext.W5	28.11.2014	The Reply Notice dated 28.11.2014 issued by the Respondent
Ext.W6	-	The Written Arguments filed by the Respondent before the Conciliation
Ext.W7	10.08.2015	The Letter of the Area Manager given under RTI Act alongwith enclosure
Ext.W8	-	The Attendance Register for the period from 10.01.2011 to 07.01.2012
Ext.W9	-	The Attendance Register for the period from 18.07.2012 to 06.04.2013
Ext.W10	05.03.2015	Letter of General Manager enclosing the Minutes of Meeting

On the Management's side

Ex.No.	Date	Description
	Nil	

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर, 2016

का.आ. 2445.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय औद्योगिक न्यायालय, जयपुर के पंचाट (संदर्भ सं. 29/1995) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 20.12.2016 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-12012/359/1994-आईआर (बी-II)]

रवि कुमार, डेस्क अधिकारी

New Delhi, the 20th December, 2016

S.O. 2445.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award (Ref. No. 29/1995) of the Central Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the Industrial Dispute between the management of Bank of Baroda, and their workmen, received by the Central Government on 20.12.2016.

[No. L-12012/359/1994-IR (B-II)]

RAVI KUMAR, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं0 सी.आई.टी. 29/1995

रैफरैंस : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेष क्रमांकः एल—12012/359/94—I.R.(D-II) नई दिल्ली, दिनांक 15.05.1995

कालूराम जाट पुत्र श्री कानाराम, मु.पो. करड़, वाया

खाचरियावास, जिला — सीकर। मार्फत कानसिंह राठौड़,

श्रम सलाहकार, 858 देवीनगर, श्यामनगर, पोस्ट ऑफिस

के पीछे, न्यू सांगानेर रोड, सोढाला, जयपुर ...प्रार्थी

बनाम

वरिष्ठ प्रबन्धक, बैंक ऑफ बडौदा, अंचल कार्यालय, आनन्द

भवन, चौथी मंजिल, संसार चन्द रोड, जयपुर ...अप्रार्थी

उपस्थित :

पीठासीन अधिकारीः श्रीमति शुभा मेहता, आर.एच.जे.एस.

प्रार्थी की ओर से : श्री कान सिंह राठौड़,

अप्रार्थी की ओर से : श्री तेज प्रकाश,

दिनांक : 18.07.2016

अधिनिर्णय

भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की आज्ञा कमांक एल–12012/359/94–I.R.(D-II) नई दिल्ली, दिनांक 15.05.1995 से निम्न अनुसूची का विवाद अधिनिर्णय हेतु इस अधिकरण को दिनांक 23.06.1995 को इस आशय का प्राप्त हुआ है कि –

"Whether the action of the management of Bank of Baroda, Jaipur in terminating the services of Shri Kalu Ram Jat, Peon w.e.f. 06-11-1992 is legal and justified? If not, to what relief is the said workman entitled?"

प्रार्थी कालूराम की ओर से स्टेटमेंट ऑफ क्लैम इस अभिकथन का प्रस्तुत किया है कि उसकी नियुक्ति विपक्षी के बैंक में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद के कार्य करने के लिए 55/–रूपये प्रतिदिन के हिसाब से दिनांक 03.08.1992 को की गई थी। श्रमिक नियुक्ति तिथि से लगातार मेहनत व ईमानदारी से कार्य करता रहा। दिनांक 06.11.1992 को कार्यालय में उपस्थित हुआ तो विपक्षी ने दिनांक 06.11.1992 से ही मौखिक आदेश से सेवा से अलग कर दिया तथा सेवामुक्ति का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया। श्रमिक ने सेवा मुक्ति के बाद बैंक में उपस्थित होकर, कार्य पर लेने व बकाया वेतन व ऑवर टाईम के भुगतान हेतु निवेदन किया, परन्तु भुगतान नहीं किया गया। श्रमिक द्वारा दिनांक 02.03.1993 को रजिस्टर्ड ए0 डी0 प्रेषित कर विपक्षी को कार्य पर लेने व बकाया वेतन आदि का भुगतान करने बाबत् निवेदन किया, किन्तु कोई सुनवाई नहीं की गई। श्रमिक की सेवा समाप्ति के समय नियमानुसार डिवीजन स्तर पर कोई वरिष्ठता सूची जारी नहीं की गई, जो औधोगिक विवाद अधिनियम 1947 के नियम 1957 व 1958 के नियम 77 और 78 का सरासर उल्लघंन है। श्रमिक धारा 25 (एन), (जी), (एच) औधोगिक विवाद अधिनियम का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी है। श्रमिक की सेवा समाप्ति के पश्चात् उससे जूनियर श्रमिक गौरीशंकर वगैरह कार्य कर रहे थे और सेवा से श्रमिक को अलग करने के बाद उसके स्थान पर कैलाश चन्द कुमावत को नई नियुक्ति दे दी गई। विपक्षी बैंक ने औधोगिक विवाद अधिनियम की धारा 25 जी एवं 25 एच के प्रावधानों का भी उल्लघंन किया है। बैंक में 80 दिन कार्य करने वाले श्रमिक को स्थाई कर दिया जाता है, जबकि श्रमिक ने 80 दिन से अधिक कार्य किया है। अतः श्रमिक की दिनांक 06.11.1992 को की गई सेवामुक्ति को अवैध, अनुचित तथा शून्य करार दिया जावे। श्रमिक को पुनः सेवा में सभी लाभों के साथ लिए जाने का आदेश दिया जावे।

विपक्षी निगम ने स्टेटमेंट ऑफ क्लैम का जवाब प्रस्तुत कर विरोध किया। उनका उत्तर में यह अभिकथन है कि श्रमिक की नियुक्ति विपक्षी बैंक में कभी भी, किसी पद पर नहीं की गई है। श्रमिक को आकस्मिक कार्य की पूर्ति के लिए आकस्मिक श्रमिक के रूप में रखा गया था तथा नियमानुसार मजदूरी का भुगतान किया गया था। ऐसे श्रमिक केवल आकस्मिक कार्य की पूर्ति हेतु ही कार्य पर रखे जाते हैं और ऐसे कार्य की समाप्ति के बाद ऐसे श्रमिकों की सेवाएं स्वतः ही समाप्त मानी जाती है। श्रमिक ने अप्रार्थी बैंक में विभिन्न समयावधि में दिनांक 29.08.1992 से लेकर 04.11.1992 तक मात्र 76 दिवस, विभिन्न अवधियों में आकस्मिक कार्य किया है और आकस्मिक कार्य की ऐवज में बैंक द्वारा श्रमिक को नियमानुसार भुगतान पूर्व में ही कर दिया था। अप्रार्थी बैंक के स्थाई कर्मचारियों के छुट्टी पर जाने के कारण हुई आवश्यकताओं के लिए आकस्मिक कार्य की पूर्ति हेतु ही आकस्मिक श्रमिक के रूप में कार्य पर रखा गया था। अप्रार्थी बैंक में स्थाई पद के लिए योग्यतानुसार व बैंक के नियमानुसार नियुक्तियॉ की जाती हैं। श्रमिक के नियोजन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन होने व उसकी योग्यता, आयु संबंधी सभी तथ्यों का निर्धारण करने के बाद, स्थाई नियुक्ति दिए जाने का प्रावधान है।

विपक्षी ने यह भी अभिकथित किया है कि जब प्रार्थी की किसी प्रकार की सेवा मुक्ति की नहीं की गई तो ऐसी स्थिति में औधोगिक विवाद अधिनियम के अन्तर्गत किसी प्रकार का नोटिस दिया जाना आवश्यक नहीं था और ना ही उक्त प्रावधानों के तहत श्रमिक लाभ प्राप्त करने का अधिकारी है। श्रमिक ने आधारहीन तथ्यों को न्यायाधिकरण के समक्ष केवल विपक्षी को तंग करने के उद्धेश्य से यह स्टेटमेंट ऑफ क्लैम प्रस्तुत किया गया है, जो निरस्तनीय है, निरस्त किया जावे।

श्रमिक ने अपने स्टेटमेंट ऑफ क्लैम के समर्थन में स्वयं कालूराम जाट का शपथ पत्र पेश किया, जिससे विपक्षी निगम द्वारा प्रतिपरीक्षा की गई तथा दस्तावेजी साक्ष्य में असफल वार्ता प्रतिवेदन दिनांक 08.11.1994 की फोटो प्रति प्रदर्श डबल्यू–1, डाक रसीद की फोटोप्रति प्रदर्श डबल्यू–2 एवं सेवा में बहाल कर कार्य पर लेने हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र की फोटोप्रति प्रदर्श डबल्यू–3 प्रदर्शित करवाए गए।

विपक्षी निगम ने के0 के0 ठाकौर का शपथ पत्र पेश किया गया, जिससे श्रमिक के प्रतिनिधि ने प्रतिपरीक्षा की।

बहस सुनी गई तथा पत्रावली का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया गया।

प्रार्थी के प्रतिनिधि का तर्क है कि प्रार्थी ने दिनांक 03.08.1992 से 06.11.1992 के मध्य बैंक में 80 दिन तक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्य किया है। दिनांक 06.11.1992 को विपक्षीगण ने उसे मौखिक आदेश से सेवामुक्त कर दिया, जिसका कोई कारण नहीं बताया। उसकी यह सेवामुक्ति औधोगिक विवाद अधिनियम की धारा 25 (एन) (जी) (एच) और औधोगिक विवाद अधिनियम के अन्तर्गत बने नियम के नियम 77 ओर 78 का उल्लघंन करते हुए की गई है। उसकी सेवामुक्ति के समय उससे कनिष्ठ श्रमिक गौरीशंकर आदि कार्य कर रहे थे, उसके बाद उसके स्थान पर कैलाश कुमावत को नई नियुक्ति दी गई ओर प्रार्थी को कोई सेवा का अवसर नहीं दिया गया। बैंक में 80 दिन निरन्तर कार्य करने वाले श्रमिक को स्थाई कर दिया जाता है। प्रार्थी ने 80 दिन से अधिक कार्य किया है, इसलिए वह स्थाई हो गया है, ऐसी स्थिति में उसकी सेवामुक्ति आदेश अनुचित एवं अवैध है। उक्त सेवामुक्ति को अनुचित और अवैध घोषित किया जावे।

उनका यह भी तर्क है कि धारा 25 (जी) औधोगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत प्रार्थी को यह प्रमाणित करने की आवश्यकता ही नहीं है कि उसने सेवामुक्ति से पूर्व के एक वर्ष में 240 दिन तक निरन्तर कार्य किया है। धारा 25 (जी) औधोगिक विवाद अधिनियम लागू होने के लिए तो इतना ही पर्याप्त है कि श्रमिक यह अभिवाक (Plea) ले या प्रमाणित करे कि उसकी छंटनी के दौरान नियोजक ने बिना किसी कारण के ''बाद में आने वाले श्रमिक को पहले जाना होगा'' के सिद्धान्त का उल्लंघन किया है। अपने तर्क के समर्थन में निम्न विनिश्चय प्रस्तुत किया –

(2010) 3 Supreme Court Cases 192,
Harjinder Singh Vs Punjab State Warehousing Corporation

उनका यह भी तर्क है कि यदि कनिष्ठ व्यक्ति को सेवा मे ंनिरन्तर रखा जाता है और वरिष्ठ की छंटनी कर दी जाती है तो यह छंटनी अवैध है। इस तर्क के समर्थन में निम्न विनिश्चय प्रस्तुत किया –

RLR 1991 (1) 577,
General Manager, Northern Railway, New Delhi
Vs.
Judge Central Industrial Tribunal & anr.

उनका यह भी तर्क है कि प्रार्थी श्रमिक से कनिष्ठ श्रमिक कार्य रहे थे ओर प्रार्थी को सेवामुक्त कर दिया, इस कारण प्रार्थी की सेवामुक्ति अवैध है।

इसके विपरीत विपक्षी के प्रतिनिधि का तर्क है कि प्रार्थी सर्वप्रथम तो यही प्रमाणित नहीं कर सका है कि उसे विपक्षी द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर किसी प्रकार की कोई नियुक्ति दी गई हो और उसके तथा प्रार्थी के मध्य नियोजक नियोजित के संबंध हो। प्रार्थी ने आकस्मिक कार्य के लिए देय मजदूरी पर बैंक में विभिन्न समयों पर 76 दिन कार्य किया है, जिसका पारिश्रमिक उसे दिया गया है। प्रार्थी विपक्षी की सेवा में नहीं था, इसलिए उसके सेवा पृथककरण का कोई प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता है न तो प्रार्थी का नियोजन, साक्ष्य से प्रमाणित हुआ है और न ही प्रार्थी द्वारा कथित किसी अन्य व्यक्ति गौरीशंकर का नियोजन और उसका प्रार्थी से कनिष्ठ होना ही प्रमाणित हुआ है। विपक्षी द्वारा औधोगिक विवाद अधिनियम के किसी भी प्रावधान का उल्लघंन नहीं किया गया है। प्रार्थी का स्टेटमेंट ऑफ क्लैम निरस्तनीय है।

उनका यह भी तर्क है कि जहां पर कार्य की आवश्यकता के आधार पर किसी को कार्य पर रखा जावे, वहां सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं कहा जा सकता। अपने तर्क के समर्थन में निम्न विनिश्चय पेश किया –

AIR 1997 Supreme Court 3657,
Himanshu Kumar Vidyarthi & others Vs State of Bihar & others.

उनका यह भी तर्क है कि प्रकरण में नियोजक ओर नियोजित के संबंध ही अस्तित्व में नहीं आए थे और ऐसी स्थिति में ऐसी कोई सेवा समाप्ति छंटनी नहीं कही जा सकती। अपने तर्क के समर्थन में निम्न विनिश्चय पेश किया –

2003 -I- LLJ Kerala 236,
Government Servant Co-operative Society Ltd.
Vs.
Industrial Tribunal, Alappuzha & another.

मैंने तर्क वितर्क पर मनन किया तथा पत्रावली एवं प्रस्तुत विनिश्चयों का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया।

प्रार्थी ने अपने स्टेटमेंट ऑफ कलैम में विपक्षी बैंक में दिनांक 03.08.1992 से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति होना अभिकथित किया है और दिनांक 06.11.1992 को सेवामुक्त किया जाना कहा है। प्रार्थी को विपक्षी बैंक ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर दिनांक 03.08.1992 को नियोजित किया था, यह तथ्य प्रार्थी को अपनी सकारात्मक, विश्वसनीय एवं दस्तावेजी प्रभावशाली ;ब्वहमदजद्ध साक्ष्य से प्रमाणित करना था। साक्षी कालूराम (प्रार्थी) ने अपने मुख्य कथन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर दिनांक 03.08.1992 से नियुक्त किया जाना कहा है, परन्तु प्रतिपरीक्षा में यह स्वीकार किया है कि उसे कोई नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया था। इसने यह भी कहा है कि उसे मौखिक रखा गया था और यह भी कहा है कि उसने जब नौकरी लगी तब कोई प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नहीं किया। उल्लेखनीय है कि विपक्षी बैंक एक सार्वजनिक संस्थान है, जहां चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति की नियमित प्रक्रिया होती है। ऐसे संस्थान में बिना प्रार्थना पत्र के प्रस्तुत किए हुए और बिना नियुक्ति पत्र जारी किए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दिया जाना संभव ही नहीं है। इसी प्रकार से प्रार्थी ने अपनी

सेवा समाप्ति के संबंध में भी कोई आदेश प्रस्तुत नहीं किया है। प्रार्थी ने ऐसा अन्य कोई लेख पत्र भी प्रस्तुत नहीं किया है, जिससे यह प्रकट होता हो कि विपक्षी के यहां दिनांक 03.08.1992 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का कोई रिक्त पद हो और उस पर प्रार्थी नियुक्त किया गया हो और उसने उक्त दिनांक 03.08.1992 के पश्चात् विपक्षी बैंक में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्य किया हो।

अपने स्टेटमेंट ऑफ क्लैम में प्रार्थी ने यह अंकित किया है कि सेवा समाप्ति के संबंध में उससे कनिष्ठ श्रमिक गौरीशंकर काम कर रहे थे, जबकि उसने प्रतिपरीक्षा में यह कहा है कि वह जब काम करता था तो अकेला था और उसे यह भी नहीं मालूम कि किसे लगाया गया। प्रतिपरीक्षा में यह भी प्रकट किया है कि उसने अपने स्टेटमेंट ऑफ क्लैम में यह भी नहीं लिखा है कि उसकी नियुक्ति कब हुई। आगे इसने प्रतिपरीक्षा में यह कहा है कि उसके साथ काम कर रहा था, वह गौरीशंकर था। एक स्थान पर वह स्वयं का अकेला ही कार्य करना कहता है, दूसरे स्थान पर गौरीशंकर का कार्य करना प्रकट कर रहा है, परन्तु उसने कहीं यह नहीं बताया है कि उक्त गौरीशंकर कब से नियुक्त था और किस प्रकार से उससे कनिष्ठ था। अपने मुख्य परीक्षण में इसने स्वयं के सेवा पृथककरण के बाद दिनांक 20.11.1995 को ताराचंद और बाद में राकेश शर्मा को लगाया जाना अंकित किया है और यह भी कहा है कि उसके स्थान पर बाद में कैलाश कुमावत को रख लिया और उसे अवसर नहीं दिया गया जबकि प्रतिपरीक्षा में इसने यह कहा है कि उसे यह नहीं पता कि ताराचंद और कैलाश को कहां लगाया गया और आगे स्वयं यह स्वीकार किया है कि उसने कोई प्रार्थना पत्र स्थाई नियुक्ति के लिए नहीं दिया और यह भी स्वीकारा है कि स्थाई नियुक्ति के नियम बने हुए हैं।

इस साक्षी ने ऐसा कोई लेख पत्र प्रस्तुत नहीं किया, जिससे यह प्रकट होता हो कि गौरीशंकर नामक कर्मचारी बैंक में कार्यरत था और इससे कनिष्ठ था और कैलाश कुमावत को सेवा में रखा गया हो तथा ताराचंद और राकेश शर्मा को भी नियुक्त किया गया हो। इस प्रकार से स्पष्ट है कि प्रार्थी ने अपने स्टेटमेंट ऑफ क्लैम में जो भी अभिवचन किए हैं, उन्हें वह साक्ष्य से प्रमाणित करने में वह सर्वथा असफल रहा है।

विपक्षी की ओर से साक्ष्य में के0 के0 ठाकोर उपस्थित हुए हैं, जिन्होनें प्रार्थी को आकस्मिक रूप से आकस्मिक कार्य की पूर्ति के लिए नियमानुसार देय मजदूरी पर कार्य करवाना कहा है। प्रतिपरीक्षा में प्रार्थी को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर रखे जाने के सुझाव से सर्वथा इन्कार किया है और यह भी प्रकट किया है कि प्रार्थी का कार्य साफ सफाई करना, रिकार्ड शिफ्ट (Shift) करना, पानी पिलाना आदि था। इस साक्षी ने प्रार्थी को वाउचर से भुगतान करना कहा है, और यह भी कहा है कि दैनिक वेतन पर कार्यरत श्रमिकों की कोई वरिष्ठता सूची नहीं बनाई जाती।

इस प्रकार से इस साक्षी के कथनों में भी ऐसी कोई स्वीकारोक्ति नहीं आई है, जिससे यह प्रमाणित होता हो कि प्रार्थी कालूराम विपक्षी बैंक में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियोजित किया गया हो।

प्रार्थी ने दिनांक 06.11.1992 को अपनी सेवामुक्ति किया जाना प्रकट किया है, परन्तु सेवामुक्ति का कोई आदेश प्रस्तुत नहीं किया है। उसे मौखिक ही हटाया जाना कहा है, परन्तु यह उल्लेखनीय है कि बैंक जैसे लोक संस्थान में कार्यरत किसी कर्मचारी को मौखिक आदेशों से हटाया जाना संभव ही नहीं है। प्रार्थी ने तो यह भी नहीं बताया है कि उसे किस व्यक्ति द्वारा उक्त दिनांक को हटाया गया।

ऊपर किए गए विवेचन से स्पष्ट है कि प्रार्थी यह प्रमाणित नहीं कर सका है कि वह विपक्षी बैंक में दिनांक 03.08.1992 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्त हुआ हो और उसने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में बैंक में कार्य किया हो। प्रार्थी अपने और बैंक के मध्य नियोजित और नियोजक के संबंध होना भी प्रमाणित नहीं कर सका है तथा यह भी प्रमाणित नहीं कर सका है कि उसे दिनांक 06.11.1992 को सेवामुक्त किया गया। प्रार्थी यह भी दर्शित नहीं कर सका है कि बैंक में 76 दिन तक आकस्मिक कार्य करने से वह किस प्रकार से स्थाई रूप से नियुक्ति पाने का अधिकारी हो जाता है। जब प्रार्थी स्वयं का विपक्षी के यहां नियोजन ही प्रमाणित नहीं कर सका है तो उससे कनिष्ठ व्यक्तियों का बैंक में कार्य करते रहना और धारा 25 (एन), (जी), (एच) औधोगिक विवाद अधिनियम तथा इस अधिनियम के अन्तर्गत बने नियम 77 और 78 का उल्लघंन किया जाना भी प्रमाणित नहीं हो सका है और यह नहीं कहा जा सकता है कि विपक्षी द्वारा ऊपर वर्णित प्रावधानों का उल्लघंन किया गया है।

पत्रावली पर जो भी साक्ष्य है उससे मेरे विचार से यह कतई प्रमाणित नहीं हो सका है कि प्रार्थी कालूराम जाट विपक्षी बैंक में दिनांक 03.08.1992 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियोजित किया गया हो और उसने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में बैंक में कार्य किया हो और उसे दिनांक 06.11.1992 को सेवा से पृथक किया गया हो। प्रार्थी यह भी प्रमाणित नहीं कर सका है कि उसके और बैंक के मध्य नियोजित और नियोजक के संबंध हो। ऐसी स्थिति में जबकि प्रार्थी उक्त तथ्य प्रमाणित ही नहीं कर सका है तो वह किसी प्रकार का कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है। उसकी ओर से प्रस्तुत स्टेटमेंट ऑफ क्लैम निरस्तनीय है।

उपर्युक्त विवेचन के फलस्वरूप प्रकरण में निम्न अधिनिर्णय पारित किया जाता है :–

अधिनिर्णय

''श्रमिक कालूराम जाट पुत्र श्री कानाराम, मु.पो. करड़, वाया खाचरियावास, जिला – सीकर, मार्फत कानसिंह राठौड़, श्रम सलाहकार, 858 देवीनगर, श्यामनगर, पोस्ट ऑफिस के पीछे, न्यू सांगानेर रोड, सोढाला, जयपुर का विपक्षी वरिष्ठ प्रबन्धक, बैंक ऑफ बडौदा, अंचल कार्यालय, आनन्द भवन, चौथी मंजिल, संसार चन्द रोड, जयपुर के यहां नियोजन में होना प्रमाणित नहीं होने से उसका स्टेटमेंट ऑफ क्लैम निरस्त किया जाता है।

प्रार्थी कालूराम जाट किसी तरह की कोई राहत एवं अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।''

शुभा मेहता, न्यायाधीष

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर, 2016

का.आ. 2446.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय औद्योगिक न्यायालय, जयपुर के पंचाट (संदर्भ सं. 15/1997) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 20.12.2016 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-12012/202/1996-आईआर (बी-II)]

रवि कुमार, डेस्क अधिकारी

New Delhi, the 20th December, 2016

S.O. 2446.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award (Ref. No. 15/1997) of the Central Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the Industrial Dispute between the management of Bank of Baroda, and their workmen, received by the Central Government on 20.12.2016.

[No. L-12012/202/1996-IR (B-II)]

RAVI KUMAR, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं0 सी.आई.टी. 15/1997

रैफरैंस : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेष क्रमांक : एल—12012/202/96—I.R.(B-II) नई दिल्ली, दिनांक 04.04.1997

प्रकाश के0 शेवकानी द्वारा श्री गोविन्द शेवकानी,
10/653 स्वर्ण पथ, मानसरोवर, जयपुर ...प्रार्थी

बनाम

1 रीजनल मैनेजर, बैंक ऑफ बडौदा, रीजनल ऑफिस,
अजमेर रीजन, स्टेशन रोड, अजमेर।

2 सहायक महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बडौदा (राजस्थान जौन)
आनन्द भवन, संसार चन्द्र रोड, जयपुर ...अप्रार्थीगण

उपस्थित :

पीठासीन अधिकारी : श्रीमति शुभा मेहता, आर.एच.जे.एस.

प्रार्थी की ओर से : श्री आर0 सी0 जैन,

अप्रार्थी की ओर से : श्री तेज प्रकाश शर्मा,

दिनांक : 29.06.2016

अधिनिर्णय

भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की आज्ञा क्रमांक एल — 12012/202/96—I.R.(B-II) नई दिल्ली, से निम्न अनुसूची का विवाद अधिनिर्णय हेतु इस अधिकरण को दिनांक 14.07.1997 को इस आशय का प्राप्त हुआ है कि —

"Whether the action of the Management of Bank of Baroda, Ajmer in dismissing the services of Shri P.K. Shivkani vide letter dated 18-03-91 is legal and justified? If not, to what relief the said workman is entitled?"

प्रार्थी ने स्टेटमेंट ऑफ क्लैम इस अभिकथन का प्रस्तुत किया है कि प्रार्थी बैंक ऑफ बडौदा की शम्भूगढ शाखा में कृषि सहायक के पद पर पदस्थापित था। दिनांक 01.02.1990 को विपक्षी क्रम—1 रीजनल मैनेजर ने उसे निलम्बित किया और दिनांक 09.05.1990 को एक आरोप दिया। प्रार्थी ने दिनांक 22.08.1990 को आरोप पत्रों का उत्तर प्रस्तुत कर सभी आरोपों को अस्वीकार किया। अप्रार्थी ने प्रार्थी को जवाब का अवसर दिए बिना ही दिनांक 09.06.1990 को अवैध रूप से श्री के0 एम0 माथुर को जाँच अधिकारी नियुक्त कर दिया। जाँच अधिकारी ने दिनांक 13.12.1990 को जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसके आधार पर विपक्षी कम—1 ने प्रार्थी को दिनांक 23.01.1991 को कारण बताओ नोटिस दिया और प्रार्थी को अवगत करवाया कि उसे बैंक की सेवाओं से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया है। दिनांक 22.09.1991 को इस नोटिस का विस्तृत उत्तर प्रार्थी ने प्रस्तुत किया, परन्तु विपक्षी कम—1 ने इस जवाब, दस्तावेज और अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों पर विचार किए बिना दिनांक 08.03.1991 को प्रार्थी को

बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया। दिनांक 08.03.1991 के इस आदेश के विरूद्ध प्रार्थी ने दिनांक 26.04.1991 को विपक्षी क्रम–2 के यहां अपील प्रस्तुत की। यह अपील भी बिना विचार किए ही दिनांक 26.08.1991 को खारिज कर दी गई।

प्रार्थी का अभिकथन है कि उसकी सेवामुक्ति अवैध और अनुचित है; जो जाँच की गई, वह अवैध है और प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों के विपरीत है। प्रार्थी को जवाब का अवसर दिए बिना जॉच अधिकारी को नियुक्त किया गयाय जाँच अधिकारी की नियुक्ति बैंक कर्मियों के लागू समझौते के अनुसार नहीं की गई; प्रार्थी को बचाव का समुचित अवसर नहीं दिया गया, उसे बचाव प्रतिनिधि रखने की सुविधा नहीं दी गई, उसे आरोप पत्र के समर्थन में प्रस्तुत दस्तावेजों की प्रतियॉ उपलब्ध नहीं करवाई गई; जाँच अधिकारी ने जाँच प्रतिवेदन में ऐसे दस्तावेज को भी आधार बना लिया गया जो जाँच के दौरान प्रस्तुत नहीं किए गएय बैंक के साक्षीगण से प्रार्थी को जिरह का समुचित अवसर नहीं दिया गया; प्रार्थी को बचाव में साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर नहीं दिया गया और इस प्रकार से सम्पूर्ण जाँच अवैध रूप से की गई।

प्रार्थी का यह भी अभिकथन है कि जाँच अधिकारी ने आरोप क्रमांक 3, 4 व 5 के संबंध में जो निष्कर्ष निकाले हैं, वे पूर्णतः कयासों पर आधारित हैं और जाँच अधिकारी का निष्कर्ष भी पूरी तरह विकृत (Perverse) है। जाँच अधिकारी और अनुशासनिक अधिकारी ने इस तथ्य पर विचार ही नहीं किया कि प्रार्थी के विरूद्ध जिन कार्यों को लेकर आरोप लगाए गए हैं, वे उसके कर्तव्य में नहीं थे। अनुशासनिक अधिकारी ने पूर्व अभिलेखों को आधार बनाकर उनके बारे में प्रार्थी को सुनवाई का अवसर दिए बिना, दण्डित किया है, जो अवैध है।

प्रार्थी ने उक्त सभी अभिकथन करते हुए सेवामुक्ति आदेश दिनांक 08.03.1991 को अवैध घोषित किए जाने की प्रार्थना की और सेवा में निरन्तर मानते हुए, समस्त सेवा लाभ दिलाए जाने का निवेदन किया।

विपक्षीगण ने प्रार्थी के स्टेटमेंट ऑफ क्लैम का उत्तर प्रस्तुत कर विरोध किया। उनका उत्तर में अभिकथन है कि प्रार्थी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के संबंध में विभागीय जाँच करना निश्चित किया गया था अतः उसे निलम्बित कर नियमानुसार आरोप पत्र जारी किया गया था। प्रार्थी ने आरोप पत्र का दिनांक 13.07.1990 को और फिर दिनांक 21.08.1990 को जवाब प्रस्तुत किया है। दोनों जवाब परस्पर विरोधाभासी हैं। विपक्षी क्रम–1 ने प्रार्थी के जवाब और जाँच की प्रक्रिया के दौरान पेश साक्ष्य और तथ्यों का पूर्ण अध्ययन करने के बाद ही बर्खास्तगी का आदेश जारी किया है। अपीलीय प्राधिकारी ने भी निर्धारित प्रक्रिया और मस्तिष्क का उपयोग करते हुए दिनांक 26.08.1991 को आदेश पारित किया है। जाँच के दौरान प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों की पालना की गई है और श्रमिक का बचाव का समुचित अवसर प्रदान किया गया है। आरोप पत्र में ही यह अंकित किया है कि प्रार्थी को बैंक कर्मचारियों की पंजीबद्ध उस ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि द्वारा बचाव करने की अनुमति दी जावेगी, जिसका वह सदस्य है। प्रार्थी ने स्वयं ही इस सुविधा का लाभ नहीं उठाया है। प्रार्थी को साक्षीगण से जिरह करने का पूर्ण अवसर दिया गया था और साक्ष्य प्रस्तुत करने का भी अवसर दिया गया। प्रार्थी स्वयं ने ही इसका उपयोग नहीं किया। जाँच पूर्णतः नियमानुसार और विधिपूर्ण की गई है। उत्तर में विपक्षीगण का यह भी अभिकथन है कि जिन कार्यों को लेकर जो आरोप लगाए गए हैं, वे प्रार्थी की ड्यूटी में नहीं होना गलत है। अनुशासनिक अधिकारी ने जाँच के अभिलेख के आधार पर ही दिनांक 18.03.1991 का आदेश पारित किया है। अपीलीय प्राधिकारी ने समस्त रिकार्ड का अवलोकन करने के बाद सकारण आदेश पारित किया है। प्रार्थी ने औधोगिक विवाद जान बूझकर विलम्ब से प्रस्तुत किया है। उक्त सभी कारणों से स्टेटमेंट ऑफ क्लैम निरस्तनीय है, अतः निरस्त किया जावे।

दिनांक 27.08.1999 के आदेश द्वारा अधिकरण ने प्रकरण में की गई विभागीय जाँच को सही और शुद्ध होना निर्णीत किया है।

उभय पक्षकारों की अन्तिम बहस सुनी गई।

विपक्षी के प्रतिनिधि का तर्क है कि जब अधिकरण ने विभागीय जाँच को उचित एवं शुद्ध घोषित कर दिया है तो अधिकरण को जाँच में आई साक्ष्य का पुनर्मूल्यांकन करने और बर्खास्तगी के आदेश को इस आधार पर अपास्त करने का कोई अधिकार नहीं है कि साक्ष्य, आरोपों को प्रमाणित करने के लिए, अपर्याप्त थी। अपने तर्क के समर्थन में निम्न विनिश्चय प्रस्तुत किया–

1995 (1) Supreme Court Cases 216,
Government of T.N. & Another

Vs.

A. Rajapandian.

इसके विपरीत प्रार्थी के प्रतिनिधि का तर्क है कि अधिकरण को धारा 11 (ए) औधोगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत यह अधिकार है कि वह साक्ष्य का सही रूप से मूल्यांकन करे। औधोगिक न्यायाधिकरण साक्ष्य का पुनर्मूल्यांकन कर सकती है और दिए गए दण्ड की मात्रा में भी हस्तक्षेप कर सकती है। अपने तर्क के समर्थन में निम्न विनिश्चय पेश किए –

1 2008 (119) FLR 96,
Mavji C. Lakum Vs Central Bank of India.

2 2003 (4) L.L.N. 804,
Ramesh Kumar Vs Rajasthan State Road
Transport Corporation, Jaipur & others.

मैंने उक्त तर्कों पर प्रस्तुत विनिश्चयों के प्रकाश में मनन किया।

विपक्षी की ओर से प्रस्तुत विनिश्चय Administrative Tribunals Act 1985 की धारा 14, 15 के संबंध में है, जबकि वर्तमान प्रकरण औधोगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत है। वैसे भी माननीय उच्चतम न्यायालय ने अपने विनिश्चय 2008 एफ.एल.आर. में अनुच्छेद 19 में यह स्पष्टतः निर्णीत किया है कि जहां जाँच शुद्ध भी पाई जावे वहां निश्चित तौर पर यह नहीं माना जा सकता कि जाँच के दौरान जो निष्कर्ष निकाले गए हैं, वे सही निष्कर्ष हैं तथा औधोगिक न्यायाधिकरण यदि इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि जो जाँच के दौरान निकाले गए निष्कर्ष हैं वे साक्ष्य से समर्थित नहीं हैं तो वह साक्ष्य का पुनर्मूल्यांकन कर सकता है और दण्ड की मात्रा के संबंध में भी हस्तक्षेप कर सकता है।

उक्त निनिश्चयों में प्रतिपादित सिद्धान्त जो कि औधोगिक विवाद अधिनियम के ही संबंध में हैं, के अनुसार अधिकरण को यह देखने का पूर्ण अधिकार है कि जाँच के दौरान जो निष्कर्ष निकाले गए हैं, वे विधिक साक्ष्य के आधार पर हैं अथवा नहीं और कहीं ये निष्कर्ष विकृत (Perverse) तो नहीं हैं, ऐसी स्थिति में हमें वर्तमान प्रकरण में भी यही देखना है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनांक 09.06.1990 को आरोप पत्र प्रार्थी को दिया गया, जिसमें उस पर चार आक्षेप लगाते हुए, पांच आरोपों से आरोपित किया गया। जाँच अधिकारी की नियुक्ति के पश्चात् जाँच अधिकारी द्वारा प्रकरण में जाँच कर जाँच प्रतिवेदन दिया गया। इस जाँच प्रतिवेदन में प्रार्थी के विरूद्ध जो दो आक्षेप क्रम—1 व 2 लगाए गए थे, उन्हें प्रमाणित नहीं पाया गया और आक्षेप क्रम—3 व 4 को प्रमाणित माने गए हैं।

आक्षेप क्रम—3 इस आशय का था कि प्रार्थी ने दिनांक 03.01.1990 को 2 पी0 एम0 के लगभग शम्भूगढ शाखा के हैड कैशियर आर0 सी0 टेलर को बाहर आने को कहा और जैसे ही वह बाहर जाने को हुआ, प्रार्थी ने उसे गले से पकड़ लिया और उसके शरीर के विभिन्न भागों पर मारना आरम्भ कर दिया।

चौथा आक्षेप जो प्रमाणित पाया गया, वह इस प्रकार था कि दिनांक 15.01.1990 को बैंक की शम्भूगढ शाखा के शाखा प्रबन्धक ने प्रार्थी को गुलाबपुरा शाखा में नकद राशि ले जाकर नकद प्रेषण करने को कहा, परन्तु प्रार्थी ने शाखा प्रबन्धक के इन निर्देशों की पालना करने से इन्कार कर दिया, जिसके कारण दिनांक 15.01.1990 को उक्त राशि नकद प्रेषण नहीं की जा सकी और बाद में दिनांक 16.01.1990 को ही गुलाबपुरा शाखा में नकद प्रेषण की गई।

जाँच अधिकारी ने उक्त दोनों आक्षेपों को प्रमाणित मानते हुए प्रार्थी को निम्न आरोपों का दोषी पाया :—

(1) बैंक शाखा के परिसर में अशोभनीय व्यवहार करना।

(2) बैंक परिसर में बलवाई व्यवहार और कृत्य करना।

(3) जान—बूझकर उच्च अधिकारी के निर्देशों की पालना नहीं करने वाले कृत्य करना।

(4) बैंक के हितों के विरूद्ध कार्य करना।

(5) एक बैंक कर्मचारी के लायक व्यवहार नहीं करना।

प्रार्थी के प्रतिनिधि का तर्क है कि जाँच अधिकारी ने प्रथम आक्षेप को प्रमाणित माना है, वह साक्ष्य के आधार पर नहीं है। जाँच के दौरान ऐसी कोई विधिक साक्ष्य नहीं आई है, जिससे यह आक्षेप प्रमाणित होता हो। उनका तर्क है कि प्रकरण में कोई स्वतंत्र साक्षी पेश नहीं हुआ है जबकि शिकायतकर्ता घटनास्थल पर लोगों का एकत्र हो जाना कह रहा है। प्रकरण में कोई प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज नहीं करवाई गई है, शिकायतकर्ता का कोई चिकित्सकीय परीक्षण करवाकर कोई रिपोर्ट पेश नहीं की गई है। केवल शिकायतकर्ता के कथनों के आधार पर ऐसा आरोप प्रमाणित नहीं हो सकता।

उनका यह भी तर्क है कि स्वयं शिकायतकर्ता के कथन भी विश्वसनीय नहीं हैं। तथाकथित मारपीट के पश्चात् उसका शाखा के अन्दर जाकर काम करना आरम्भ कर देने का कथन, केवल मार खाना और स्वयं मारपीट का कोई कृत्य नहीं करना आदि तथ्य यही दर्शित करते हैं कि वास्तव में शिकायतकर्ता के साथ ऐसी कोई घटना प्रार्थी द्वारा कारित ही नहीं की गई।

उनका यह भी तर्क है कि अन्य साक्षी श्री मारू को प्रस्तुत किया गया है, जिसने स्वयं मारपीट होते देखना नहीं कहा है। उनका यह भी तर्क है कि प्रकरण में शिकायत तो जाँच के दौरान प्रदर्शित ही नहीं हुई है, ऐसी स्थिति में यही माना जावेगा कि कोई शिकायत थी ही नहीं। अपने इन तर्कों के समर्थन में निम्न विनिश्चय प्रस्तुत किए —

1999 (81) FLR 630,

Kuldeep Singh Vs The Commissioner of Police & others.

इस विनिश्चय में यह निर्णीत किया गया कि मूल शिकायत की अनुपस्थिति यह दर्शित करती है कि कोई शिकायत थी ही नहीं।

2005 LAB. I.C. 467,

Sarvesh Kumar Sharma Bulandshahr

Vs

Station Director & Appellate Authority.
Nuclear Power Corpn. of India Ltd. Bulandshahr & others.

इस विनिश्चय में यह निर्णीत किया गया कि जहां अपचारी–कर्मचारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मारपीट करने का आरोप हो और कोई स्वतंत्र साक्षी प्रदर्शित नहीं हुआ हो, जबकि घटनास्थल पर कई लोग इकट्ठे हो गए हों तो वहां परिवादी के अकेले के कथन पर विश्वास करना सही नहीं है।

मैंने उक्त तर्कों पर पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य और सामग्री के प्रकाश में मनन किया।

विभागीय जाँच के संबंध में की गई कार्यवाही का अभिलेख अधिकरण में प्रस्तुत किया गया है और इस अभिलेख में शिकायतकर्ता श्री टेलर द्वारा जो शिकायत दिनांक 04.01.1990 को प्रस्तुत की गई जो एम–6 के रूप में चिन्हित है, प्रस्तुत की गई है। इस लेखपत्र के संबंध में प्रार्थी से स्वीकृति/अस्वीकृति के संबंध में भी पूछा गया, जैसा कि जाँच की कार्यवाही के पृष्ठ 6 पर अंकन है। साक्षी आर0 सी0 टेलर ने अपने जाँच के दौरान किए गए कथन में यह शिकायत शाखा प्रबन्धक को लिखकर देना स्पष्टतः प्रकट किया है। ऐसी स्थिति में यह नहीं कहा जा सकता है कि प्रकरण में मूल शिकायत प्रस्तुत और प्रदर्शित नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी के प्रतिनिधि का यह तर्क स्वीकार नहीं किया जा सकता है कि प्रकरण में कोई शिकायत है ही नहीं।

आक्षेप क्रमांक 3 के संबंध में जाँच की कार्यवाही के दौरान साक्षी आर0 सी0 टेलर जो शिकायतकर्ता है और जिसके साथ यह घटना कारित होना बताया गया है, परीक्षित हुआ है और अन्य साक्षी धर्मीचन्द मारू, किराना मर्चेन्ट भी परीक्षित हुआ है। साक्षी आर0 सी0 टेलर ने दिनांक 03.01.1990 को दोपहर दो–तीन बजे के बीच प्रार्थी श्री शेवकानी द्वारा स्वयं के साथ बैंक परिसर में मारपीट किया जाना स्पष्टतः प्रकट किया है। यह सही है कि प्रकरण की कोई प्रथम सूचना रिपोर्ट पुलिस थाना में दर्ज नहीं करवाई गई है। इस संबंध में शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में यह अंकित किया है कि प्रार्थी ने घटना के लिए उसके पांव पर गिरकर माफी मांग ली थी। शिकायत में उसने घटना के संबंध में क्षेत्रीय प्रबन्धक की अनुमति के बाद ही एफआईआर दर्ज करवाने की बात अंकित की है। उल्लेखनीय है कि स्वयं शिकायतकर्ता ने प्रार्थी द्वारा स्वयं को मुक्कों से मारना और उंगली पर केवल एक खरोंच का निशान आना ही प्रकट किया है। ऐसी स्थिति में चिकित्सकीय परीक्षण नहीं होने मात्र से यह नहीं कहा जा सकता कि इसके कथन मिथ्या हैं। जिस प्रकार की चोटें इस साक्षी को कारित हुई हैं उनकी प्रकृति ऐसी नहीं थी कि उनके कारण शिकायतकर्ता बैंक का काम ही नहीं कर सके। ऐसी स्थिति में यह तर्क कि शिकायतकर्ता, बैंक का कार्य इस घटना के बाद करने लग गया तो इससे यह दर्शित होता हो कि उसके साथ घटना कारित नहीं हुई, नहीं माना जा सकता।

साक्षी आर0 सी0 टेलर के उक्त कथन के समर्थन में एक अन्य साक्षी धर्मीचन्द मारू भी जाँच की कार्यवाही के दौरान परीक्षित किया गया है। इस साक्षी ने अपने कथन में यह कहा है कि दिनांक 03.01.1990 को वह 2 से 3 बजे शाम को बैंक के सामने गोदाम की पटरी पर बैठा था। श्री शेवकानी और श्री टेलर बाहर आए और बरामदे के खम्बे के पास श्री शेवकानी ने श्री टेलर की गिरेबान पकड़ लीय उसने सोचा कि शायद मजाक कर रहे हैं, उसने यह भी देखा कि शेवकानी हाथापाई कर रहे थे। शेवकानी सीढियाँ उतर गए और टेलर बैंक के अन्दर आ गये। वह उसी वक्त बैंक में आया तो देखा कि टेलर की कमीज फटी हुई थी और उंगली के लगी हुई थी।

यह साक्षी स्वतंत्र साक्षी है, जिसका बैंक से और बैंक कर्मियों से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। इस साक्षी का यह कथन अखण्डित है। अवसर देने के बाद भी इससे कोई प्रतिपरीक्षा प्रार्थी की ओर से नहीं की गई है। इस साक्षी के कथन पर अविश्वास किए जाने का कोई कारण नहीं है। इस साक्षी ने श्री आर0 सी0 टेलर के कथन का समर्थन करते हुए स्पष्टतः प्रार्थी द्वारा श्री टेलर का कॉलर पकड़ना, मारपीट करना, शर्ट फाड़ना आदि प्रकट किया है।

जो साक्ष्य जाँच के दौरान इस आक्षेप के संबंध में प्रस्तुत हुई है, उससे उक्त आक्षेप, मेरे विचार से, भलीभांति प्रमाणित है और इस विधिक साक्ष्य के आधार पर जाँच अधिकारी द्वारा इस आक्षेप को प्रमाणित मानने का जो निष्कर्ष निकाला गया है, वह किसी भी रूप में विकृत (Perverse) और अविधिक नहीं कहा जा सकता है।

चतुर्थ आक्षेप के संबंध में तत्कालीन शाखा प्रबन्धक आर0एस0 राठी के कथन लेखबद्ध हुए हैं, जिन्होनें अपने कथन में यह प्रकट किया है कि दिनांक 15.01.1990 को उन्होंने श्री शेवकानी को नकद प्रेषण के लिए निर्देश दिए थे। नकद प्रेषण गुलाबपुरा बैंक में करना था। इस निर्देश पर श्री शेवकानी ने बस द्वारा जाने से मना कर दिया, प्राईवेट जीप की व्यवस्था करवाए जाने का कहा। बैंक के नियमों के अनुसार इस नकद प्रेषण के लिए जीप की आवश्यकता नहीं है, बस द्वारा ही नकद प्रेषण किया जावे, लेकिन उन्होनें इस बात को नहीं माना और कहा कि पचास हजार रूपये नकद प्रेषण के लिए जीप की व्यवस्था करवाई जावे। दिनांक 15.01.1990 को नकद प्रेषण नहीं हो सका। दिनांक 16.01.1990 को फिर कहा तो श्री शेवकानी ने मौखिक मना कर दिया। दिनांक 16.01.1990 को आर0 सी0 टेलर मुख्य खजान्ची द्वारा नकद प्रेषण भेजा गया। एक लाख रूपये का नकद प्रेषण भेजा गया था।

प्रार्थी के प्रतिनिधि का तर्क है कि प्रार्थी द्वारा बड़ी नकद राशि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए प्राईवेट जीप की मांग की गई है, जिसे गलत नहीं कहा जा सकता। प्रार्थी ने कार्य करने को मना नहीं किया। अपने उत्तर में भी प्रार्थी ने अंकित किया है कि इस हेतु उसने गार्ड की और वाहन की व्यवस्था करवाने की माँग की थी, जो नहीं करवाई गई।

उनका यह भी तर्क है कि बैंक के नियम के अनुसार इस प्रेषण के लिए जीप की आवश्यकता नहीं होना श्री राठी ने प्रकट किया है, परन्तु ऐसे कोई नियम प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। ऐसी स्थिति में यह आरोप प्रमाणित नहीं होता है कि प्रार्थी ने जान–बूझकर उच्च अधिकारी के निर्देशों की पालना नहीं करने वाले कृत्य किए हों।

मैंने इस तर्क पर मनन किया।

इस आक्षेप का सर्व प्रथम दिनांक 13.07.1990 को प्रार्थी ने जवाब दिया और यह कहा कि उसे दिनांक 15.01.1990 को गुलाबपुरा शाखा जाने का इस प्रकार का कोई आदेश नहीं दिया गया, जबकि पश्चातवर्ती प्रक्रम पर इसने यह कहा कि उसने

सुरक्षा गार्ड और जीप की व्यवस्था करवाने के लिए कहा था और व्यवस्था नहीं करवाने पर वह नकद प्रेषण हेतु नहीं गया। पत्रावली पर जो साक्ष्य है, उससे यह तो प्रमाणित है कि प्रार्थी को दिनांक 15.01.1990 और 16.01.1990 को नकद प्रेषण हेतु गुलाबपुरा शाखा जाने को शखा प्रबन्धक श्री राठी द्वारा कहा गया और यह भी प्रमाणित है कि प्रार्थी दोनों ही दिन उक्त नकद प्रेषण लेकर गुलाबुपरा शाखा नहीं गया। श्री राठी के कथनानुसार प्रार्थी श्री शेवकानी ने बस से जाने से मना किया था और प्राईवेट जीप की व्यवस्था करवाने को कहा था। श्री राठी ने यह नहीं कहा है कि प्रार्थी ने सुरक्षा गार्ड के लिए भी कहा हो। जो प्रतिपरीक्षा श्री शेवकानी द्वारा साक्षी श्री राठी से की गई है, उसमें भी उसने यह सुझाव नहीं दिया कि उसके द्वारा सुरक्षा गार्ड मांगी गई हो और मना किया गया हो। उसने तो केवल यह कहा है कि शाखा प्रबन्धक श्री राठी उसे तंग करते हैं।

यह सही है बैंक की ओर से ऐसा कोई नियम प्रस्तुत नहीं किया गया है कि उक्त नकद प्रेषण हेतु जीप की आवश्यकता नहीं थी। नकद प्रेषण बस या जीप किस साधन से किया जावे, इस संबंध में बैंक के कोई लिखित नियम हैं, ऐसा किसी भी पक्षकार द्वारा नहीं बताया गया। श्री राठी ने अपने कथन में यही कहा है कि बैंक के नियम के अनुसार इस प्रेषण के लिए जीप की आवश्यकता नहीं है, बस द्वारा ही प्रेषण किया जावे। जब प्रार्थी को शाखा प्रबन्धक ने बस द्वारा नकद प्रेषण करने का निर्देश दे दिया था तो प्रार्थी का दायित्व था कि वह इसकी पालना करता। विपक्षी की ऐसी कोई साक्ष्य नहीं है कि बैंक कर्मचारी शम्भूगढ शाखा से गुलाबपुरा के मध्य नकद प्रेषण जीप द्वारा करते रहे हों। प्रार्थी को बस द्वारा नकद प्रेषण करने के निर्देश देना, शाखा प्रबन्धक श्री राठी ने प्रकट किया है और प्रार्थी द्वारा उक्त आदेश की पालना नहीं किया जाना स्वीकृत तथ्य है। ऐसी स्थिति में यह चौथा आक्षेप भी जो साक्ष्य आई है, उससे प्रार्थी के विरूद्ध प्रमाणित है पर यह नहीं कहा जा सकता है कि इस संबंध में जॉच अधिकारी का निष्कर्ष विकृत (Perverse) हो।

प्रार्थी के प्रतिनिधि का तर्क है कि प्रार्थी को जो दण्ड दिया गया है वह उक्त आरोप को देखते हुए अत्यधिक है, विषमानुपाती (Disproportionate) है। उनका यह भी तर्क है कि प्रार्थी के पूर्व आचरण को आधार बनाकर यह दण्डादेश जारी किया गया है परन्तु पूर्व आचरण के संबंध में कोई नोटिस और सुनवाई का अवसर प्रार्थी को नहीं दिया गया है। अतः यह दण्डादेश विधि विरूद्ध है। अपने तर्क के समर्थन में निम्न विनिश्चय पेश किए —

1 2013 (139) FLR 610,

P. Chandrasekaran, Channangkupam (Post), Gudiyatham Post, Vellore Vs Management of Palavan Transport Corporation (Metropolitan Transport Corporation Division I Ltd.) & Another.

2 2010 (126) FLR 994,

Indu Bhushan Dwivedi Vs State of Jharkhand & another.

3 2005 (2) RLR 113,

Union of India & ors Vs Vishnu Lal Nai & anr.

4 1969 (18) FLR (Supreme Court) 159,

M/s. G.E.C.(P.) Ltd., Naini, Allahabad Vs Labour Court, Allahabad & others.

5 2008 (117) FLR (Supreme Court) 770,

Management, Aurofood Pvt. Ltd. Vs S. Rajulu.

मैंने उक्त तर्क पर मनन किया।

अनुशासनिक अधिकारी द्वारा जॉच रिपोर्ट की प्रति के साथ प्रार्थी को कारण बताओ नोटिस देकर सुनवाई का अवसर देने के बाद ही उक्त दण्डादेश पारित किया है। प्रार्थी के विरूद्ध पांच आरोप, बैंक शाखा के परिसर में अशोभनीय व्यवहार करना, बैंक परिसर में बलवाई व्यवहार और कृत्य करना, जान—बूझकर उच्च अधिकारी के निर्देशों की पालना नहीं करने वाले कृत्य करना, बैंक के हितों के विरूद्ध कार्य करना और एक बैंक कर्मचारी के लायक व्यवहार नहीं करना प्रमाणित हुए हैं और इन्हीं के आधार पर प्रार्थी की बर्खास्तगी का आदेश दिनांक 18.03.1991 को पारित किया गया है। इस आदेश में पूर्व आचरण और पूर्व के अभिलेख के आधार पर दण्डादेश पारित करना कहीं भी अंकित नहीं है। यह आदेश, आरोप पत्र दिनांक 09.05.1990 पर की गई जॉच और उसमें जो आरोप प्रार्थी के विरूद्ध प्रमाणित पाए हैं, उनके आधार पर ही पारित किया गया है। जैसा कि ऊपर वर्णित किया गया है प्रार्थी पर बैंक शाखा के परिसर में अशोभनीय व्यवहार करना, बैंक परिसर में बलवाई व्यवहार और कृत्य करना, जान—बूझकर उच्च अधिकारी के निर्देशों की पालना नहीं करने वाले कृत्य करना, बैंक के हितों के विरूद्ध कार्य करना और एक बैंक कर्मचारी के लायक व्यवहार नहीं करने के गंभीर आरोप प्रमाणित हुए हैं और उन आरोपों के प्रकाश में यह नहीं कहा जा सकता कि जो बर्खास्तगी का दण्डादेश दिनांक 18.03.1991 को जारी किया गया है, वह विषमानुपाती (Disproportionate) हो।

मेरे विचार से जो दण्डादेश पारित किया गया है, वह उचित एवं वैध है और उसमें हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं है। उसका स्टेटमेंट ऑफ क्लैम निरस्तनीय है। प्रार्थी कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

उपर्युक्त विवेचन के फलस्वरूप प्रकरण में निम्न अधिनिर्णय पारित किया जाता है :—

अधिनिर्णय

''प्रार्थी श्रमिक प्रकाश के0 शेवकानी मार्फत श्री गोविन्द शेवकानी, 10/653 स्वर्ण पथ, मानसरोवर, जयपुर के विरूद्ध विपक्षीगण रीजनल मैनेजर, बैंक ऑफ बडौदा, रीजनल ऑफिस, अजमेर रीजन, स्टेशन रोड, अजमेर एवं सहायक महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बडौदा (राजस्थान जौन) आनन्द भवन, संसार चन्द्र रोड, जयपुर द्वारा दिनांक 18.03.1991 को बर्खास्तगी का दण्डादेश पारित किया जाना उचित एवं वैध है।

प्रार्थी श्रमिक प्रकाश के0 शेवकानी कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।''

शुभा मेहता, न्यायाधीष

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर, 2016

का.आ. 2447.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय औद्योगिक न्यायालय, जयपुर के पंचाट (संदर्भ सं. 87/1989) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 20.12.2016 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-12012/106/1989-डी-II(ए)]

रवि कुमार, डेस्क अधिकारी

New Delhi, the 20th December, 2016

S.O. 2447.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award (Ref. No. 87/1989) of the Central Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the Industrial Dispute between the management of Bank of India, and their workmen, received by the Central Government on 20.12.2016.

[No. L-12012/106/1989-D-II(A)]

RAVI KUMAR, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं0 सी.आई.टी. 87/1989

रैफरैंस : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेष क्रमांक : एल–12012/106/89–IR-D-II(A) नई दिल्ली, दिनांक 18.08.1989 ।

1 राजू पुत्र श्री जलसिंह (मृतक दौराने वाद)

2 श्रीमति सरोज पत्नि स्व0 राजू,

3 शिवदयाल पुत्र स्व0 राजू,

4 पपेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 राजू,
समस्त जाति कॅडेरा, निवासी ग्राम छोकरवाडा,
तहसील वैर, जिला – भरतपुर (राजस्थान) ...प्रार्थीगण

बनाम

1 दी बैंक ऑफ इण्डिया, जरिए रीजनल मैंनेजर,
बैंक ऑफ इण्डिया, सी–63 बी, सरोजनी मार्ग,
सी–स्कीम, जयपुर।

2 मैनेजर, बैंक ऑफ इण्डिया, छोकरवाडा, तहसील
वैर, जिला – भरतपुर (राजस्थान) ...अप्रार्थीगण

उपस्थित :

पीठासीन अधिकारीः श्रीमति शुभा मेहता, आर.एच.जे.एस.

प्रार्थी की ओर से : श्री एम0 एम0 बैग,

अप्रार्थी की ओर से : श्री श्याम व्यास,

दिनांक : 19.07.2016

अधिनिर्णय

भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की आज्ञा क्रमांक एल–12012/106/89.D-II (A) नई दिल्ली, दिनांक 18.08.1989 से निम्न अनुसूची का विवाद अधिनिर्णय हेतु इस अधिकरण को दिनांक 28.08.1989 को इस आशय का प्राप्त हुआ है कि –

"Whether the action of the management of Bank of India, in terminating the services of Shri Raju, is justified? If not, to what relief is the workman entitled?"

प्रार्थी राजू की ओर से स्टेटमेंट ऑफ क्लैम इस अभिकथन का प्रस्तुत किया है कि उसे दिनांक 01.10.1981 को विपक्षीगण ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दी थी। उसका कार्य सफाई करने, पानी भरने, पानी पिलाने आदि था और बैंक के अन्दर करना था तथा बैंक के कार्यकाल समाप्त होने तक करना था। उसने दिनांक 01.10.1981 से दिनांक 28.02.1984 तक लगातार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्य किया। उसने अटैण्डर की अनुपस्थिति में एवं बैंक में घोषित अवकाशों पर भी पूरे दिन काम किया। दिनांक 28.02.1984 को उसे बदनियति से और अन्य व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के लिए, बिना औचित्य के हटा दिया गया और अन्य व्यक्तियों को नियुक्तियॉ दी गई, जिनमें गुलाब खां पुत्र नाजिम खां था। उसे हटाने से पहले उसे कोई नोटिस नहीं दिया गया और न ही मुआवजा दिया गया और इस प्रकार से धारा 25 (एफ), (जी) औधोगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों का उल्लघंन किया गया है। प्रार्थी प्रातः 10 बजे से शाम पांच बजे तक काम करता था। उसके पश्चात् भी विपक्षी क्रम–2 के घर पर काम करता था। उसकी सेवाएं मनमाने ढंग से समाप्त की गई हैं। अतः उसकी सेवामुक्ति को अवैध एवं अनुचित घोषित किया जावे और पुनः सेवा में लिया जावे और सभी पारिणामिक लाभ दिलाये जावें।

विपक्षीगण ने स्टेटमेंट ऑफ क्लैम का उत्तर प्रस्तुत कर विरोध किया। उनका उत्तर में अभिकथन है कि प्रार्थी ने बैंक में कर्मचारी के रूप में कभी कार्य नहीं किया। उससे आकस्मिक (Casual) आधार पर कभी–कभी बैंक में कुछ मिनटों के लिए सफाई का काम लिया जाता था, जिसके लिए उसे उचित पारिश्रमिक दिया जाता था। प्रार्थी एवं बैंक के मध्य कभी भी नियोक्ता और कर्मचारी के संबंध नहीं रहे हैं। प्रार्थी को दिनांक 28.02.1984 से दुर्भावनापूर्वक कार्य से हटाना गलत है। प्रार्थी फरवरी, 1984 में बैंक में कभी–कभी होने वाले आकस्मिक कार्य को करने के लिए आकस्मिक (Casual) आधार पर रखे जाने हेतु गांव में उपलब्ध ही नहीं था। प्रार्थी से कुछ मिनटों के लिए दिन में सफाई कार्य लेने से, आकस्मिक कार्य करवाने से, प्रार्थी को कोई अधिकार प्राप्त नहीं हो जाते और बैंक के द्विपक्षीय समझौते के प्रावधानों के अनुसार भी इस प्रकार का कार्य करने से नियोक्ता और नियोजित के संबंध उत्पन्न नहीं हो जाते। बैंक में अटैण्डर का कोई पद नहीं होता है। प्रार्थी को कोई नोटिस या मुआवजा धारा 25 (एफ) (जी) औधोगिक विवाद अधिनियम के अन्तर्गत देय नहीं है। प्रार्थी स्वयं ही उपलब्ध नहीं था, अतः यह कहना पूर्णतः गलत है कि उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हो। प्रार्थी आकस्मिक कार्य करता था, इसलिए उसे नोटिस देने की आवश्यकता नहीं थी। प्रार्थी की कोई सेवामुक्ति अथवा छंटनी नहीं की गई। मामला अत्यन्त विलम्ब से उठाया गया है। उक्त सभी कारणों से स्टेटमेंट ऑफ क्लैम निरस्तनीय है।

प्रार्थी ने जवाब उल जवाब प्रस्तुत कर निवेदन किया कि आवश्यक लेख पत्र विपक्षी बैंक के अधिकार और कब्जे में हैं, जो उनसे न्यायाधिकरण में प्रस्तुत करवाए जावें। प्रार्थी ने कुछ मिनटों के लिए नहीं वरन् पूरे दिन बैंक में सफाई का कार्य किया था। उसके पारिश्रमिक के वाउचर भी विपक्षी के आधिपत्य में हैं। वह बैंक कर्मचारी था, इसलिए उसके और बैंक के मध्य नियोक्ता और कर्मचारी के संबंध हैं। प्रार्थी फरवरी, 1984 के बाद अपने गांव में उपलब्ध था और वह काम छोड़कर नहीं गया।

प्रकरण में अधिकरण द्वारा दिनांक 23.09.1995 को एकतरफा अवार्ड पारित किया गया, जो माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 05 जुलाई, 2006 द्वारा अपास्त किया गया। दोनों पक्षों को सुनवाई का मौका दिया जाकर पुनः अवार्ड पारित करने के निर्देश अधिकरण को प्राप्त हुए।

श्रमिक ने अपने स्टेटमेंट ऑफ क्लैम के समर्थन में स्वयं राजू का शपथ पत्र पेश किया, जिससे विपक्षी निगम द्वारा प्रतिपरीक्षा की गई।

विपक्षी निगम ने हरीश कुमार सुखीजा का शपथ पत्र पेश किया गया, जिससे श्रमिक के प्रतिनिधि ने प्रतिपरीक्षा की।

प्रार्थी राजू की दिनांक 29.07.2015 को मृत्यु हो जाने पर उसके विधिक प्रतिनिधिगण को दिनांक 21.08.2015 को अभिलेख पर लिया गया।

मैंने उभय पक्षों की बहस सुनी।

प्रार्थी के प्रतिनिधि का तर्क है कि प्रार्थी ने दिनांक 01.10.1981 से 28.02.1984 तक नियमित रूप से विपक्षी बैंक में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्य किया हैय उसे बिना किसी कारण के दिनांक 28.02.1984 को सेवा से पृथक कर दिया गया और उसके स्थान पर दुर्भावनापूर्वक अन्य व्यक्तियों को रखा गया है। प्रार्थी को कोई नोटिस अथवा नोटिस वेतन तथा छंटनी का मुआवजा नहीं दिया गया। इस प्रकार से धारा 25 (एफ) (जी) औधोगिक विवाद अधिनियम का उल्लघंन किया गया है।

उनका यह भी तर्क है कि विपक्षी ने अपने उत्तर में प्रार्थी का बैंक में काम करना स्वीकार किया है। धारा 2 (एस) औधोगिक विवाद अधिनियम में आकस्मिक कार्य करने वाले भी श्रमिक की परिभाषा में आते हैं।

उनका यह भी तर्क है कि प्रार्थी की सेवा से संबंधित समस्त अभिलेख विपक्षी बैंक के ही आधिपत्य में थे और न्यायाधिकरण द्वारा दिनांक 25.08.2011 को उपस्थिति रजिस्टर प्रस्तुत करने अथवा इस संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश के पश्चात् भी विपक्षीगण द्वारा न तो रजिस्टर प्रस्तुत किए गए हैं और न ही शपथ पत्र। ऐसी स्थिति में विपक्षी बैंक के

विरूद्ध प्रतिकूल निष्कर्ष (Adverse Inference) लिया जावे। प्रार्थी ने साक्ष्य से यह प्रमाणित किया है दिनांक 01.10.1981 से 28.02.1984 तक नियमित रूप से विपक्षीगण के यहां कार्य किया है। ऐसी स्थिति में उसका सेवामुक्ति आदेश दिनांक 28.02.1984 धारा 25 (एफ) और (जी) औधोगिक विवाद अधिनियम की पालना नहीं किए जाने के कारण, अवैध है।

इसके विपरीत विपक्षीगण के प्रतिनिधि का तर्क है कि प्रार्थी ने अपने अभिकथन के समर्थन में कोई लेख पत्रीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं की है। प्रार्थी को बैंक में नियुक्ति दिया जाना ही प्रमाणित नहीं है। विपक्षी बैंक में नियुक्ति की एक नियमित प्रकिया है, जिसमें नियोजन कार्यालय से आवेदन मंगवाकर नियुक्तियॉ दी जाती हैं। प्रार्थी ने अपनी सेवामुक्ति का कोई आदेश भी प्रस्तुत नहीं किया है। ऐसा कोई लेख पत्र पत्रावली पर पेश नहीं हुआ है, जिससे यह प्रमाणित होता हो कि प्रार्थी विपक्षीगण के यहां चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में पदस्थापित था तथा प्रार्थी और विपक्षीगण के मध्य नियोजित और नियोक्ता का संबंध हो। प्रार्थी ने गुलाब खां रंगरेज की नियुक्ति के संबंध में भी कोई दस्तावेज पेश नहीं किए हैं। बैंक में सफाई का कुछ समय तक कार्य कर लेने मात्र से प्रार्थी को कोई अधिकार, सेवा प्राप्ति हेतु उत्पन्न नहीं होता हैय स्टेटमेंट ऑफ क्लैम निरस्तनीय है।

उनका यह भी तर्क है कि जिन तथ्यों को प्रार्थी को अपनी साक्ष्य से प्रमाणित करना था, उनका भार विपक्षीगण पर नहीं डाला जा सकता और विपक्षीगण के विरूद्ध कोई प्रतिकूल निष्कर्ष (Adverse Inference) नहीं लिया जा सकता।

मैंने तर्क वितर्क पर मनन किया तथा पत्रावली का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया।

प्रार्थी ने अपने स्टेटमेंट ऑफ क्लैम में दिनांक 01.10.1981 को विपक्षीगण द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्त किया जाना और दिनांक 28.02.1984 को सेवामुक्त किया जाना अभिकथित किया है। प्रार्थी ने इसके मध्य की सम्पूर्ण अवधि में विपक्षी के यहां सम्पूर्ण बैंक के समय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियमित रूप से कार्य करना अभिकथित किया है। प्रार्थी को अपने स्टेटमेंट ऑफ क्लैम में किए गए अभिवचनों को स्वयं अपनी सकारात्मक, विश्वसनीय एवं दस्तावेजी प्रभावशाली (Cogent) साक्ष्य से प्रमाणित करना था। प्रार्थी ने दिनांक 01.10.1981 को स्वयं को विपक्षी बैंक के यहां चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दिया जाना प्रकट किया है। प्रार्थी ने अपनी साक्ष्य के शपथ पत्र में भी दिनांक 01.10.1981 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्त किया जाना प्रकट किया है, परन्तु प्रतिपरीक्षा में इसने यह स्वीकार किया है कि उसे कोई नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया और यह भी कहा है कि उसने नियुक्ति पत्र मांगा था, जो उसे नहीं दिया गया। इस साक्षी ने यह भी कहा है कि उसने नियुक्ति के लिए कोई प्रार्थना पत्र भी नहीं दिया था और वह कक्षा दो–तीन तक पढा लिखा था। इस प्रकार स्पष्ट है कि प्रार्थी ने अपनी दिनांक 01.10.1981 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति को प्रमाणित करने के लिए कोई लेख पत्र/नियुक्ति पत्र प्रस्तुत नहीं किये हैं। उल्लेखनीय है कि विपक्षी संस्थान एक लोक संस्थान है, जिसमें नियमित पदों पर भर्ती करने की और नियुक्ति दिए जाने की निश्चित प्रकिया है। स्वयं प्रार्थी के अनुसार उसने नियुक्ति हेतु कोई प्रार्थना पत्र ही प्रस्तुत नहीं किया है, ऐसी स्थिति में यह नहीं कहा जा सकता कि उसे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर बैंक में नियुक्ति प्रदान की गई हो। प्रार्थी ने तो अपने स्टेटमेंट ऑफ क्लैम और कथन में यह भी अंकित नहीं किया है कि उसे क्या वेतन बैंक द्वारा दिया जाता था या कितना पारिश्रमिक दिया जाता था। प्रार्थी, बैंक में नियोजित था और उसे बैंक से वेतन आदि दिया जाता था इस तथ्य को प्रमाणित करने के लिए भी उसके द्वारा कोई लेख पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। जहां तक प्रार्थी के प्रतिनिधि के इस तर्क का प्रश्न है कि विपक्षीगण के विरूद्ध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के संबंध में विपरीत आशय लिया जावे इस संबंध में यह उल्लेख किया जाता है कि विपक्षीगण द्वारा लेख पत्र प्रस्तुत नहीं करने से प्रार्थी का जो प्राथमिक दायित्व अपने स्वयं के मामले को अपनी साक्ष्य से प्रमाणित करने का है, वह समाप्त नहीं हो जाता। यहां यह उल्लेखनीय है कि स्वयं प्रार्थी ने अपनी प्रतिपरीक्षा में यह स्वीकार किया है कि उसने नियुक्ति के लिए कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया और न ही उसे कोई नियुक्ति पत्र ही जारी हुआ, ऐसी स्थिति में यह प्रमाणित नहीं है कि प्रार्थी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में दिनांक 01.10.1981 को विपक्षी बैंक के यहां नियुक्त हुआ हो और प्रार्थी और विपक्षी बैंक के मध्य नियोजित और नियोजक का संबंध रहा हो।

प्रार्थी ने अपने स्टेटमेंट ऑफ क्लैम में दिनांक 28.02.1984 को अपनी सेवामुक्ति विपक्षीगण द्वारा किया जाना बताया है और इस सेवामुक्ति को चुनौती दी है। यह एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि जो निर्देश प्राप्त हुआ है, उसमें सेवामुक्ति की कोई तारीख अंकित ही नहीं है। यह तथ्य इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि प्रार्थी ने अपनी सेवा मुक्ति का कोई आदेश विपक्षीगण द्वारा निकाला जाना प्रकट ही नहीं किया है, वरन् यही कहा है कि उसकी सेवामुक्ति तो दिनांक 28.02.1984 को मौखिक आदेश द्वारा की गई। दौहराने की कीमत पर पुनः यह उल्लेख किया जाता है कि विपक्षी बैंक जैसे लोक संस्थान में मौखिक सेवामुक्ति किया जाना संभव ही नहीं है।

विपक्षी बैंक ने अपने उत्तर में यह अभिकथित किया है कि प्रार्थी द्वारा दिन में कुछ मिनटों का सफाई कार्य ही बैंक में, आकस्मिक कार्य के तौर पर, कभी–कभी किया जाता था, जिसका उसे पारिश्रमिक दिया जाता था। स्वयं प्रार्थी ने भी वाउचर द्वारा भुगतान किया जाना स्वीकार किया है, परन्तु इसने अपने स्टेटमेंट ऑफ क्लैम में कहीं भी यह अंकित नहीं किया है कि उसे कितने रूपये वेतन/पारिश्रमिक दिया जाता था। प्रतिपरीक्षा में यही कहा है कि 300/–रूपये प्रतिमाह मिलते थे, परन्तु बैंक द्वारा इसे किसी भी राशि के भुगतान के संबंध में इसके द्वारा कोई लेख पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया।

इस प्रकार से प्रार्थी ने अपनी बैंक में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति होने, इस पद पर कार्य करने, इस पद का वेतन प्राप्त करने और दिनांक 28.02.1984 को सेवापृथक किया जाने के संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं की है, और इनसे संबंधित अपने अभिवचनों को प्रमाणित नहीं किया है।

प्रार्थी ने अपने स्टेटमेंट ऑफ क्लैम में अपनी जगह किसी गुलाब खां को नियुक्त किया जाना कहा है, परन्तु इस गुलाब खां का भी कोई नियुक्ति पत्र आदि प्रस्तुत नहीं किया है। इस प्रकार से प्रार्थी अपनी साक्ष्य से अपने स्टेटमेंट ऑफ क्लैम में वर्णित अभिवचनों को प्रमाणित नहीं कर सका है।

विपक्षी की ओर से साक्षी हरीश कुमार सुखीजा का शपथ पत्र प्रस्तुत हुआ है। प्रतिपरीक्षा में इस साक्षी ने यह कहा है कि श्रमिक ने छोकरवाडा शाखा में काम किया है। छोकरवाडा शाखा में कार्य करने को विपक्षी बैंक की इस आशय की स्वीकारोक्ति नहीं माना जा सकता कि प्रार्थी ने बैंक में दिनांक 01.10.1981 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति पाकर, कार्य किया हो।

उपर्युक्त विवेचनानुसार पत्रावली पर जो साक्ष्य है, उससे यह कतई प्रमाणित नहीं हो सका है कि प्रार्थी राजू विपक्षी बैंक के यहां दिनांक 01.10.1981 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियोजित किया गया और उसे दिनांक 28.02.1984 को सेवा पृथक किया गया। प्रार्थी व विपक्षी के मध्य नियोजित व नियोजक का संबंध प्रमाणित नहीं हुआ है। जब प्रार्थी यह तथ्य प्रमाणित ही नहीं कर पाया है तो प्रार्थी किसी प्रकार का अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है। प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत स्टेटमेंट ऑफ क्लैम निरस्तनीय है।

उपर्युक्त विवेचन के फलस्वरूप प्रकरण में निम्न अधिनिर्णय पारित किया जाता है :—

अधिनिर्णय

''श्रमिक राजू पुत्र श्री जलसिंह (मृतक दौराने वाद), 02 श्रीमति सरोज पत्नि स्व0 राजू, 03 शिवदयाल पुत्र स्व0 राजू एवं 04 पपेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 राजू , समस्त जाति कॅडेरा, निवासी ग्राम छोकरवाडा, तहसील वैर, जिला — भरतपुर (राजस्थान) का विपक्षीगण दी बैंक ऑफ इण्डिया, जरिए रीजनल मैंनेजर, बैंक ऑफ इण्डिया, सी—63 बी, सरोजनी मार्ग, सी—स्कीम, जयपुर एवं मैनेजर, बैंक ऑफ इण्डिया, छोकरवाडा, तहसील वैर, जिला — भरतपुर (राजस्थान) के यहां नियोजित होना प्रमाणित नहीं हुआ है।

अतः प्रार्थी राजू किसी तरह की कोई राहत एवं अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है। उसके द्वारा प्रस्तुत स्टेटमेंट ऑफ क्लैम निरस्त किया जाता है।''

अवार्ड आज दिनांक 19.07.2016 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाषनार्थ नियमानुसार भेजा जावे।

शुभा मेहता, न्यायाधीष

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर, 2016

का.आ. 2448.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार ओरियन्टल बैंक ऑफ कामर्स के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय औद्योगिक न्यायालय, जयपुर के पंचाट (संदर्भ सं. 30/1989) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 16.12.2016 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-12011/73/1988-जी-II(ए)]

रवि कुमार, डेस्क अधिकारी

New Delhi, the 20th December, 2016

S.O. 2448.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award (Ref. No. 30/1989) of the Central Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the Industrial Dispute between the management of Oriental Bank of Commerce, and their workmen, received by the Central Government on 16.12.2016.

[No. L-12011/73/1988-G-II(A)]

RAVI KUMAR, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं0 सी.आई.टी. 30/1989

रैफरैंस : केन्द्र सरकार, श्रम व नियोजन विभाग, जयपुर की अधिसूचना क्रमांक एल.—12011/73/88—जी 2(ए) दि. 23.2.89

राजस्थान बैंक एम्पलाईज़ यूनियन, परवाना हाऊस,
माधोबाग, जोधपुर ...प्रार्थी

बनाम

ओरियेन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर ...अप्रार्थी

उपस्थित :

पीठासीन अधिकारी : राजा राम वर्मा, आर.एच.जे.एस.

प्रार्थी की ओर से : श्री जे. एल. शाह,

अप्रार्थी की ओर से : श्री जगत अरोड़ा,

दिनांक अवार्ड : 30.1.2001

अवार्ड

1. केन्द्र सरकार, श्रम मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा निम्न विवाद इस न्यायाधिकरण को निर्णयार्थ भेजा गया है:

"Whether the action of the management of Oriental Bank of Commerce in terminating the services of the workmen mentioned in the Annexure and not considering them for further employment while recruiting fresh hands under Sec. 25 H of the I.D. Act is justified? If not, to what relief are the concerned workman entitled?"

अनैक्सचर

1. श्री जगदीश प्रसाद मीना
2. श्री श्यामलाल आहूजा
3. श्री सैमन
4. सुश्री कान्ता ठक्कर
5. श्री हेमन्त कुमार शर्मा
6. श्री बसन्त कुमार
7. सुश्री नीलिमा जैन
8. श्री अतीक अहमद
9. श्री संतोष कुमार शर्मा
10. श्री मदन लाल
11. श्री बजरंग लाल
12. श्री सुरेश कुमार शर्मा
13. श्री विक्रम सिंह
14. श्री घनश्यामदास शर्मा
15. श्री ललित कुमार शुक्ला
16. श्री हंसराज तंवर
17. श्री राजकुमार नायर
18. श्री आशाराम गौड़
19. श्री जयप्रकाश शर्मा
20. श्री किशन मीना
21. सुश्री उर्मिला शर्मा
22. श्री भूरामल शर्मा

2. प्रार्थी राजस्थान बैंक एम्पलाईज़ यूनियन जोधपुर द्वारा स्टेटमेंट ऑफ क्लैम प्रस्तुत किया है, जिसमें उल्लेख किया गया है, कि बैंक ने विभिन्न शाखाओं में दी गई सूची के अनुसार कर्मचारियों को नियुक्त किया तथा दर्शाये अनुसार उनको बैंक सेवा में रखा। बैंक करीब करीब सभी कर्मचारियों को कोई नियुक्ति पत्र नहीं दिया न ही सेवा समाप्ति का आदेश दिया। बैंक ने शास्त्री अवार्ड के अनुच्छेद 495 व 522 (4) का उल्लघंन किया। सूची में दर्शाये गये सभी कर्मचारियों को नौकरी से निकाल कर बैंक ने उनकी जगह दूसरे कर्मचारियों की नियुक्ति की। इस प्रकार बैंक ने धारा 25–जी अधिनियम एवं 25 (एच) अधिनियम का स्पष्ट उल्लघंन किया है। बैंक ने कर्मचारियों को न तो नोटिस दिया न ही नोटिस के एवज़ में 14 दिन के वेतन का भुगतान किया। इस प्रकार बैंक औ0 विवाद नियम 1947 (जिसे बाद में नियम कहा जायेगा) की धारा 76, 77 व 78 का उल्लघंन किया है। प्रार्थी यूनियन ने उपरोक्त तथ्यों का उल्लेख करते हुए प्रार्थना की है कि अप्रार्थी बैंक को निर्देश दिये जायें, कि इन समस्त कर्मचारियों, जिनके नाम ऊपर दर्शाये गये हैं, उन्हें उन्हीं दिनांकों से जिन दिनांकों को उन्हें अंतिम बार सेवा से पृथक किया गया है, बैंक सेवा में बहाल करने के आदेश प्रदान किये जायें। यह भी प्रार्थना की है कि उनको नियमानुसार वेतन एवं भत्ते पुनः सेवा में लेने तक के भुगतान करने के निर्देश भी बैंक को दिये जायें।

3. अप्रार्थी बैंक ने स्टेटमेंट ऑफ क्लैम का जवाब प्रस्तुत कर उल्लेख किया है, कि प्रार्थी यूनियन द्वारा जो विवाद उठाया गया है, वह बहुत देरी से उठाया गया है। उनका यह भी जवाब है, कि इन कर्मचारियों में से अधिकांश ने केवल 59 से 89 दिन का ही बैंक में कार्य किया है। अतः यूनियन का क्लैम प्रथम तौर पर ही निरस्त किया जाये। अप्रार्थी बैंक का यह भी जवाब है, कि अप्रार्थी बैंक में क्लर्क के संवर्ग की नियुक्ति बैंकिंग सर्विसेज़ रिक्रूटमेंट बोर्ड (बी.एस.आर.बी.) के द्वारा की जाती है, और बोर्ड द्वारा आवेदकों का लिखित टैस्ट लेने के पश्चात उनका साक्षात्कार लिया जाता है और इसके पश्चात ही बैंक में नियुक्ति दी जाती है। बैंक द्वारा सीधे तौर पर जो नियुक्ति की जाती है, वह नियमित नियुक्ति नहीं होती है। जिन कर्मचारियों ने प्रस्तुत स्टेटमेंट ऑफ क्लैम के आधार पर अपना क्लैम पेश किया है, उन्होंने क्लेरीकल केडर में कोई टैस्ट पास नहीं किया है और वे किसी भी निर्धारित प्रक्रिया के बाद नियुक्ति नहीं हुए हैं। बैंक ने ऐसे कर्मचारी जिन्होंने 90 दिन की अवधि तक काम किया है, उनको बैंक के अत्यावश्यक काम को निपटाने के लिए इन्गेज किया गया है और निर्धारित कार्य समाप्त होने के पश्चात उनकी सेवाएं स्वयं ही समाप्त हो गई। ऐसे कर्मचारियों की द्विपक्षीय समझौते के अनुसार किसी प्रकार का अधिकार इस प्रकार का क्लैम उठाने के लिए नहीं होता। अप्रार्थी बैंक का यह भी जवाब है, कि अधिनियम की धारा 25–एच के प्रावधान इस प्रकरण पर

बिल्कुल लागू नहीं होते, क्योंकि इन कर्मचारियों को बैंक ने एक निर्धारित अवधि के लिए ही नियुक्त किया था और उन्होंने 240 दिन की अवधि का कार्य भी पूरा नहीं किया है। अतः इन कर्मचारियों पर छंटनी के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। अप्रार्थी बैंक का यह भी कहना है, कि प्रार्थी यूनियन का यह कथन कि उन्होंने शास्त्री अवार्ड के पैरा 495 व 522 (4) का उल्लघंन किया है, इस मामले में लागू नहीं होता। अतः प्रार्थीगण किसी भी प्रकार की राहत प्राप्त करने के अधिकारी नहीं हैं। अतः प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत क्लैम को निरस्त किया जाये।

4. प्रार्थी यूनियन द्वारा प्रस्तुत क्लैम के समर्थन में वर्तमान विवाद में इस न्यायाधिकरण के समक्ष केवल श्रमिक मदन लाल प्रजापत, बंसत कुमार, कान्ता ठक्कर एवं बजरंग लाल ने ही अपने शपथ पत्र प्रस्तुत किये हैं, जिनसे अप्रार्थी के प्रतिनिधि ने जिरह की है। अन्य किसी भी श्रमिक ने क्लैम के समर्थन में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं की है। अतः यह अवार्ड केवल उपरोक्त चारों प्रार्थीगण के संबंध में ही पारित किया जा रहा है।

5. अप्रार्थी ने अपने जवाब के समर्थन में श्री दिलीप कोठारी, श्री नरेश कुमार जुनेजा व के.सी. विजयवर्गीय के शपथ पत्र प्रस्तुत हुए हैं, जिनसे प्रार्थी यूनियन के प्रतिनिधि ने जिरह की है। इसके पश्चात् मैंने विद्वान प्रतिनिधि प्रार्थी व अप्रार्थी की बहस सुनी, पत्रावली का अवलोकन किया।

6. प्रार्थी यूनियन द्वारा प्रस्तुत स्टेटमेंट ऑफ क्लैम के संबंध में श्रमिक मदन लाल ने अपने शपथ पत्र में यह कहा है, कि उसकी नियुक्ति अप्रार्थी बैंक की सरदार शहर शाखा में दिनांक 13.10.86 को क्लर्क के पद पर हुई थी, उसने दिनांक 9.1.87 तक कार्य किया इस प्रकार उसने कुल 74 दिन कार्य किया। उसका कार्य सदैव संतोषप्रद रहा, उसे कोई नियुक्ति आदेश नहीं दिया गया तथा मौखिक आदेश द्वारा उसे दिनांक 10.1.87 को सेवा मुक्त कर दिया। उसकी जगह राजेन्द्र कुमार चौधरी को रख लिया व बाद में उसे भी सेवा मुक्त कर दिया और बाद में नये कर्मचारी अस्थाई तौर पर क्लर्क के पद पर रखे जाते रहे हैं। बैंक के कार्य में लगातार वृद्धि होती रही है। स्टाफ की कमी थी, जिसकी पूर्ति स्थाई नियुक्ति न कर थोड़ी–2 अवधि के लिए अस्थाई नियुक्ति देकर की जाती थी। अस्थाई कर्मचारियों को दो तीन माह काम करने के बाद हटा देते थे। उनकी जगह नये कर्मचारी रख लेते हैं। यह क्रम बैंक में कई वर्षों से चल रहा है। अस्थाई कर्मचारियों को लगातार इसलिए नहीं रखा जाता है, कि वे 240 दिन पूरे नहीं कर सकें। मदन लाल ने अपने शपथ पत्र में यह भी कहा है, कि उसकी सेवा मुक्ति के बाद से ही वह बेरोज़गार है। उसे सेवा मुक्त करने के पूर्व वरिष्ठता सूची नहीं निकाली।

7. प्रार्थी बसन्त कुमार ने अपने कथनों में यह कहा है, कि विपक्षी बैंक की सुजानगढ़ जिला चूरू शाखा में 5.6.87 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्त किया था जिसके बाबत् नियुक्ति आदेश नहीं दिया। उसका कार्य संतोषप्रद रहा। दिनांक 1.9.87 को सेवा से पृथक कर दिया और इस प्रकार कुल 85 दिन कार्य किया। उसे सेवा से मुक्त करने के बाद उसकी जगह रामचन्द्र, समद्र व्यास, सुनील कुमार बाकनीवाल को नई नियुक्तियां दी गई। उन्हें भी अस्थाई पीऑन के पद पर नियुक्त किया गया तथा उन्हें सेवा मुक्त करने के बाद अन्य कर्मचारी रखे। उनकी नियुक्ति करने से पहले उसे सेवा में आने हेतु सूचना नहीं दी। अन्य तथ्यों के संबंध में इस श्रमिक ने भी मदन लाल श्रमिक के अनुरूप ही कथन किये हैं।

8. श्रमिक कान्ता ठक्कर ने अपने शपथ पत्र में यह कहा है, कि विपक्षी बैंक की गंगानगर शाखा में 84–85 में उसने 80 दिन अस्थाई क्लर्क के पद पर कार्य किया। उसे भी कोई नियुक्ति आदेश नहीं दिया गया और उसने जनवरी 1986 के प्रारम्भ में मौखिक आदेश से सेवा से पृथक कर दिया। उसकी सेवा मुक्ति के बाद भी विपक्षी बैंक की गंगानगर शाखा में वह उपस्थित होती रही, लेकिन उसे सेवा में नहीं लिया। उसकी सेवा मुक्त करने के बाद भी बैंक में अस्थाई लिपिक रखे जो जगदीश चन्द्र, जसकरण सिंह, रामप्रताप, विनोद बब्बर, राजकुमार, जुगल किशोर, ललिता सेठी, घनश्यामदास शर्मा थे, जिनकी नियुक्ति करने से पूर्व उसे कोई सूचना नहीं दी गई और अब भी वे गंगानगर शाखा में अस्थाई क्लैक के पद पर कार्य कर रहे हैं।

9. श्रमिक बजरंग लाल ने अपने शपथ पत्र में यह कहा है, कि उसकी नियुक्ति विपक्षी बैंक की सुजानगढ़ शाखा में माह फरवरी, 1985 में क्लर्क के पद पर की गई थी और उसने 80 दिन कार्य किया तथा उसे बिना किसी लिखित आदेश के माह मई 1985 में सेवा मुक्त कर दिया तथा उसकी जगह राज कुमार नाई को क्लर्क के पद पर रखा गया। उसने 80 दिन काम किया, फिर जे. पी. शर्मा ने सितम्बर 1985 से जून 1987 तक 88 दिन कार्य किया, संजीव गुप्ता ने मई, 1986 से अगस्त, 1986 तक कार्य किया है। विष्णु दत्त शर्मा ने जून, 1985 से सितम्बर, 85 तक 80 दिन कार्य किया है, ललित कुमार द्वारा भी अस्थाई तौर पर क्लर्क के पद पर 55 दिन कार्य किया है। प्रार्थी का कहना है, कि उसकी सेवा मुक्ति के बाद बैंक में कोई ने कोई व्यक्ति अस्थाई तौर पर क्लर्क के पद पर कार्य करता रहा है।

10. अप्रार्थी बैंक की ओर से दिलीप कोठारी, नरेश कुमार जुनेजा तथा के. सी. विजयवर्गीय ने अपने शपथ पत्रों में क्रमशः श्रमिक बसन्त कुमार, कान्ता ठक्कर तथा मदन लाल की नियुक्ति बैंक की शाखाओं में एवंजी रूप के रूप में एवं अस्थाई कार्य वृद्धि के कारण ही अस्थाई रूप से कार्य करने हेतु रखा गया था जिनकी उन्हें सूचना दी गई थी। यह कार्य पूर्ण रूपेण अस्थाई था और उनकी सेवाएं निश्चित अवधि की समाप्ति के बाद स्वतः ही समाप्त हो गई। इन साक्षियों ने यह भी कहा है, कि बैंक में स्थाई नियुक्ति करने का अधिकार किसी भी अधिकारी को नहीं है और लिपिक संवर्ग में नियुक्ति भारत सरकार के दिशा निर्देशों के तहत बैंकिग सेवा भर्ती बोर्ड के माध्यम से निश्चित प्रक्रिया के अनुसार होती है। इन साक्षियों ने यह भी उल्लेख किया है, कि द्विपक्षीय समझौते की धारा 207 व 208 के अनुसार बैंक को कार्य निपटाने के लिए अस्थाई व्यवस्था करने का अधिकार है। साक्षी दिलीप कोठारी ने यह भी कहा है, कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं अधीनस्थ संवर्ग में नियोजन रोज़गार कार्यालय के माध्यम से निश्चित प्रक्रिया के अनुसार ही नियुक्ति होती है।

11. अप्रार्थी बैंक की ओर से प्रस्तुत इन साक्षियों के कथनों से यह भली भांति प्रमाणित है, कि श्रमिक कान्ता ठक्कर, बजरंग लाल, बसन्त कुमार तथा मदन लाल उनकी बैंक की विभिन्न शाखाओं में अस्थाई तौर पर नियुक्त किये गये। प्रार्थीगण कान्ता ठक्कर, बजरंग लाल, मदन लाल की नियुक्ति कनिष्ठ लिपिक व बसंत कुमार की नियुक्ति पीऑन के पद पर हुई थी। इन

श्रमिकों ने उक्त बैंक की शाखाओं में अपने शपथ पत्रों के अनुसार क्रमशः 80 दिन, 85 दिन, 74 व 85 दिन कार्य करना बताया है। अप्रार्थी ने प्रार्थीगण द्वारा बताई गई इस कार्य अवधि को इन्कार नहीं किया है। अप्रार्थी के साक्षी दिलीप कोठारी, नरेश कुमार जुनेजा, के. सी. विजयवर्गीय ने अपने कथनों में केवल यह कहा है, कि बैंक में अस्थाई कार्य की वृद्धि होने के कारण इन श्रमिकों को अस्थाई तौर पर एक निश्चित अवधि हेतु रखा था और निश्चित अवधि की समाप्ति पर उनका कार्य समाप्त हो गया। मैंने पत्रावली का अवलोकन किया, जिसमें इन चारों प्रार्थीगण की नियुक्ति किसी निश्चित अवधि के लिए की गई हो, ऐसा कोई प्रलेख पत्रावली पर नहीं है। उभय पक्ष ने यह स्वीकार किया है, कि इन श्रमिकों की नियुक्ति मौखिक आदेशों से की गई और मौखिक आदेश से ही उनको हटा दिया गया। इस संबंध में जो महत्वपूर्ण बिन्दु है, वह यह है, कि क्या इन श्रमिकों को कार्य से मुक्त किये जाने के पश्चात उनके स्थान पर अस्थाई रूप से उसी संवर्ग में अप्रार्थी बैंक द्वारा आवश्यक कार्य में वृद्धि होने पर अन्य व्यक्तियों को अस्थाई तौर पर नियुक्ति दी गई है? तथा ऐसा करने से पूर्व प्रार्थीगण को कोई नोटिस नहीं दिया गया और इस प्रकार धारा 25 (एच) अधिनियम के प्रावधानों का उल्लघंन किया गया?

12. जैसा कि ऊपर प्रार्थीगण कान्ता ठक्कर, बजरंग लाल, बसंत कुमार व मदन लाल के कथनों का उल्लेख किया गया है, जिन्होंने अपने शपथ पत्रों में यह कहा है कि उनको अप्रार्थी बैंक ने मौखिक आदेश से सेवा मुक्त कर दिया और उनके स्थान पर नये श्रमिकों को अस्थाई तौर पर नियुक्त कर दिया। इन साक्षियों ने अपने शपथ पत्र में यह भी कहा है, कि उनकी सेवा मुक्ति के बाद उनकी जगह अप्रार्थी बैंक ने अस्थाई तौर पर जोनसे श्रमिक लिये उनके नामों का भी उल्लेख किया है, जिनका कि वर्णन ऊपर किया गया है। प्रार्थी श्रमिकों के इन कथनों को नहीं मानने का कोई कारण नहीं है, क्योंकि प्रार्थीगण द्वारा किये गये इन कथनों के संबंध में अप्रार्थी के विद्वान प्रतिनिधि ने कोई जिरह नहीं की है। इस तथ्य को स्पष्ट रूप से इन्कार भी नहीं किया है, बल्कि इस तथ्य के संबंध में अनभिज्ञता ज़ाहिर की है तथा अप्रार्थी के साक्षियों ने अपने कथनों में यह भी नहीं कहा कि प्रार्थी श्रमिकों को नियुक्ति देने हेतु उन्हें कोई नोटिस दिया हो।

13. जहां तक प्रार्थी श्रमिकों को अस्थाई तौर पर नियुक्ति देने का प्रश्न है, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, इस तथ्य को स्वयं प्रार्थीगण भी स्वीकार करते हैं, लेकिन जहां तक निश्चित अवधि कर प्रश्न है, चूंकि पत्रावली में कोई नियुक्ति पत्र इस तथ्य का पेश नहीं किया गया है कि उन्हें किसी निश्चित अवधि के लिए ही नियुक्त किया और वह कार्य समाप्त होने के बाद उनकी सेवा अवधि को आगे नहीं बढ़ाया, अतः उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई। ऐसी स्थिति में मुझे विद्वान प्रतिनिधि अप्रार्थी के इस तर्क को अस्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है, कि प्रार्थी श्रमिकों का मामला औधोगिक विवाद अधिनियम की धारा 2(00) (बी बी) के अन्तर्गत छंटनी की परिभाषा में नहीं आता है।

14. प्रार्थी के विद्वान प्रतिनिधि ने अपने तर्कों के समर्थन में निम्न न्याय दृष्टान्त प्रस्तुत किये हैं :

1. माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट सं0 532 संतोष कुमारी व अन्य बनाम पंजाब राज्य व अन्य में पारित निर्णय दिनांक 2.5.88
2. 1998 TT एल. एल. जे. पेज 112 (मान0 इलाहबाद उच्च न्या0) ओरीयेन्ट बैंक ऑफ कॉमर्स बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया
3. 1990 एल.एल.आर. पेज 513 (मान0 पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय) बलबीर सिंह बनाम कुरूक्षेत्र को0 ऑपरेटिव बैंक लि0 व अन्य।
4. 1987 लैब. आई. सी. 1361 (मान0 गुजरात उच्च न्यायालय) गुजरात एस.एम.टी. कापो0 लि0 बनाम दीपक देसाई
5. आर. एल. आर. 1991 (2) 691 (मान0 राजस्थान उच्च न्या0) सूर्य प्रकाश शर्मा बनाम राजस्थान टैक्सट बुक बोर्ड, जयपुर।
6. 1997 T एल.एल.जे. 379 (मान0 मद्रास उच्च न्या0) एम. के. पदमावती बनाम इन्स्टीटयूट ऑफ होटल मैनेजमैंट, केटरिंग टैकनॉलाजी एण्ड अप्लाइज न्यूट्रीशन, मद्रास।
7. 1996 TT एल.एल.जे. पेज 216 (उच्चतम न्यायालय) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया बनाम एस. सत्यम व अन्य।

15. माननीय मद्रास उच्च न्यायालय के विनिश्चय एल.एल.जे. 1997 (1) पेज 379 (सुपरा) में प्रतिपादित सिद्धान्त ऐसी परिस्थिति में इस मामले के तथ्यों पर पूर्णरूपेण लागू होता है, जिसमें यह प्रतिपादित किया गया है, कि यदि किसी आदेश में नियुक्ति निश्चित अवधि की नहीं है तो ऐसी नियुक्ति अधिनियम की धारा 2(00) (बी बी) के प्रावधानों को आकर्षित नहीं करेगी। इसके अलावा प्रस्तुत मामले में, जैसा कि ऊपर विवेचन किया जा चुका है, प्रार्थी श्रमिकों की सेवाएं समाप्त करने के पश्चात बैंक द्वारा उनके स्थान पर नये श्रमिकों को भी अस्थाई तौर पर नियुक्ति दी है, जो कि उनसे कनिष्ठ थे लेकिन उनकी जगह जो नये श्रमिक उनके संवर्ग में नियुक्त किये गये, उनसे पूर्व इन प्रार्थीगण को अधिनियम की धारा 25–एच के अन्तर्गत कोई नोटिस नहीं दिया। अतः मेरी राय में प्रस्तुत मामले में अप्रार्थी बैंक द्वारा अधिनियम की धारा 25–एच के प्रावधानों का पूर्णरूपेण उल्लघंन किया जाना प्रमाणित होता है।

16. अप्रार्थी के विद्वान प्रतिनिधि द्वारा उनके तर्कों के समर्थन में प्रस्तुत न्याय दृष्टांन्तों 197 (4) एस.सी.सी. पेज 391 हिमांशु कुमार विधार्थी बनाम् स्टेट बैंक ऑफ बिहार व अन्य, 1994 ज्ज एल.एल.जे. (एस.सी.) पेज 977 माध्यमिक शिक्षा परिषद, यू.पी. बनाम अनिल कुमार मिश्रा, 1995 (2) आर.एल.आर. (राज0) पेज 272 राजीव कुमार शर्मा बनाम राजस्थान राज्य व अन्य तथा 1992 (3) डबल्यू.एल.सी. 533 रामप्रताप बनाम राजस्थान राज्य व अन्य का भी मैंने ससम्मान गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया किन्तु उपरोक्त न्याय दृष्टांत प्रस्तुत मामले के तथ्यों व परिस्थितियों पर पूर्ण रूपेण लागू नहीं होते हैं।

17. प्रार्थीगण ने अपनी साक्ष्य में यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं किया है कि उनके स्थान पर जो नई नियुक्तियां की गई हैं, उन नव नियुक्त श्रमिकों ने अप्रार्थी बैंक में कितने कितने दिन तक कार्य किया। ऐसी स्थिति में इस संबंध में केवल यही निष्कर्ष निकाला जा सकता है, कि बैंक के रिकार्ड के अनुसार उपरोक्त चारों श्रमिकों के स्थान पर जो नये श्रमिक उसी संवर्ग में नियुक्त अस्थाई तौर पर किये गये, उन्होंने जितनी अवधि तक (अर्थात प्रार्थीगण से कनिष्ठ श्रमिकों ने) अप्रार्थी बैंक में कार्य किया उस अवधि तक का 50 प्रतिशत वेतन प्रार्थीगण संबंधित पद का प्राप्त करने के अधिकारी माने जाने योग्य हैं। यदि अब भी प्रार्थीगण से कनिष्ठ कर्मचारी अस्थाई तौर पर ऐसे प्रयोजन के लिए कार्य कर रहे हों अथवा रखे जाते हों तो प्रार्थीगण को पुनः सेवा में उसी रूप में नियुक्त करने हेतु प्रार्थमिकता के आधार पर कन्सीडर किया जावे।

18. उपरोक्त विवेचन के आधार पर इस मामले में निम्न अवार्ड पारित किया जाता हैः

1. ''औरीएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स के प्रबन्धतंत्र द्वारा श्रमिकगण मदनलाल प्रजापत, कान्ता ठक्कर, बजरंग लाल व बसन्त कुमार को सेवा से पृथक करने के बाद उनके स्थान पर नये व्यक्तियों को नियुक्त करने से पूर्व चारों प्रार्थीगण को धारा 25—एच अधिनियम के अन्तर्गत पुनः नियोजित करने हेतु कन्सीडर नहीं किया जाना उचित एवं वैध नहीं है।

2. उपरोक्त चारों प्रार्थीगण के स्थान पर जिन नये कनिष्ठ श्रमिकों को बैंक द्वारा अस्थाई तौर पर कार्य की प्रकृति के अनुसार नियुक्त किया जाता रहा और जितनी जितनी अवधि के लिए उन्होंने कार्य किया, उस अवधि के वेतन का 50 प्रतिशत चारों प्रार्थीगण अपने अपने संवर्ग में प्राप्त करने के अधिकारी हैं।

3. यदि अप्रार्थी बैंक में प्रार्थीगण से कनिष्ठ श्रमिक अब भी कार्य कर रहे हैं तो बैंक को निर्देश दिये जाते हैं, कि प्रार्थीगण मदन लाल प्रजापत, कान्ता ठक्कर, बजरंग लाल व बसन्त कुमार को भी आकस्मिक कार्य हेतु पुनः उसी रूप में नियुक्ति दिये जाने के लिए नियमानुसार कन्सीडर किया जाये, जैसे पहले किया गया था।

4. क्लैम की सूची में उल्लिखित शेष श्रमिकों द्वारा चूंकि कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं की गई है, अतः उनके संबंध में नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित किया जाता है।

19. अवार्ड आज दिनांक 30.1.2001 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाषनार्थ नियमानुसार भेजा जावे।

राजा राम वर्मा, न्यायाधीष

CORRIGENDUM

New Delhi, the 21st December, 2016

S.O. 2449.—In partial modification of this Ministry's Notification No. L-12012/05/2016- IR(B-II) dated 16/11/2016 in Award I.D. No. 14/2015, management of Bank of Baroda be read as Central Bank of India and file Number as L-12012/05/2015 - IR(B-II).

[No. L-12012/05/2015-IR (B-II)]

RAVI KUMAR, Desk Officer

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

ALOK KUMAR
Digitally signed by ALOK KUMAR
Date: 2017.01.10 16:28:09 +05'30'